ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 06 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-230 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



अपने पति की मौत का बदला लेने के... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

### चोरी के 101 सिलेंडर बरामद, चार गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना पुलिस ने चोरी के 101 पीस गैस सिलेंडर बरामद करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सुखेदवनगर निवासी बिट्टू कुमार, बरियातू निवासी रमेश कुमार, कोकर तिरिल निवासी निशांत कुमार और बरियातू निवासी पंकज कुमार शामिल है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को नामकुम थाने में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि खरसीदाग ओपी के एचपी गैस गोदाम कुटियातू से 39 पीस गैस सिलिंडर चोरी होने पर गैस गोदाम के मालिक ने चार जून को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके पूर्व में भी सिलिंडर चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। चोरी की घटना को लेकर थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में मिले गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की घटना में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। चोरी किये गये 39 सिलिंडर तथा अन्य 62 सिलिंडर भी इनके निशानदेही पर बरामद किये गये है। चारों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि सिलिंडर नामकुम, खरसीदाग, नगड़ी से सिलिंडर चोरी कर विभिन्न गैस दुकान सहित अन्य लोगों को बेचेते थे।

### बिहार के अवैध बालू कारोबार को लेकर धनबाद हजारीबाग में ईडी के छापे

**रांची।** बिहार में अवैध बालू खनन मामले में ईडी झारखंड के धनबाद और हजारीबाग में कई कारोबारियों के आधा दर्जन ठिकानों पर सोमवार सुबह से छापेमारी कर रही है। धनबाद में एक साथ पांच जगहों पर छापामारी की जा रही है। सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड स्थित कारोबारी जय नारायण सिंह उर्फ जगन सिंह के आवास, चंचनी कॉलोनी में अशोक जिंदल के आवास, सिंदरी स्थित सुरेंद्र जिंदल के आवास के अलावा धीरेंद्रपुरम और धैया में ईडी की अलग-अलग टीमें अहले सुबह पहुंचीं। सभी जगहों पर दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। इन सभी कारोबारियों की बिहार के बालू कारोबार में भागीदारी रही है। हजारीबाग में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव संजय सिंह के मिशन रोड स्थित आवास पर भी छापामारी चल रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार बिहार के औरंगाबाद और डेहरी ऑन सोन में बालू के अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में यह कार्रवाई चल रही है। खबर है कि कोलकाता और बिहार के औरंगाबाद में भी कई ठिकानों पर छापामारी चल रही है। बता दें कि औरंगाबाद में बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ पिछले साल आर्थिक अपराध इकाई ने भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी।

# उग्रवादियों ने किया जेसीबी व मिक्सर मशीन को आग के हवाले



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में एक बार भाकपा माओवादियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सड़क निर्माण में लगे जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे दहशत में है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना जिला के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के मन्हेंपाट में हुई है, जहां भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू ने सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को आग के हवाले कर एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसके अलावा माओवादियों ने एक मिक्सर मशीन को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। साथ ही मौके पर पोस्टर छोड़कर काम बंद करने की चेतावनी दी है। कार्य जारी रखने पर बुरा परिणाम भुगतने की धमकी भी दी है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। ग्रामीण इस बारे में कुछ भी कहने से डर रहे हैं। बताया जाता है कि भाकपा माओवादियों ने यह घटना गुमला में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अपने दो साथियों के बदले की भावना से की गई है। जानकारी के अनुसार सेरंगदाग थाना में सिंदूर से गड़ातु तक करोड़ों रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## दहशत फैलाने वाले टीएसपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)

पांच दिन पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगे जेएससी कंपनी के कामगारों को धमकी देने, मारपीट व पोकलेन जलाने की घटना को अंजाम देने वाले टीएसपीसी के तीन उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ शंभू सिंह ने प्रेस वार्ता कर देते हुए बताया कि ठोस तकनीकी साक्ष्यों व मजबूत सूचना तंत्र की बदौलत विभिन्न जगहों से संलिप्त तीन अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। टंडवा थाना क्षेत्र के मारंगलोइया टोला बड़कीतरी निवासी 19 वर्षीय मनोज गंझू पिता बासुदेव गंझू, हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना स्थित बरवाटांड निवासी 24 वर्षीय अर्जुन भोक्ता व संजय गंझू दोनों पिता स्व. नागेश्वर गंझू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से टीएसपीसी सबजोनल कमिटी का 6 नक्सली पर्चा, घटना में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल जेएच 13 जे 0775 तथा कांड में प्रयोग किए गए 3 मोबाइल जब्त किए गए हैं। आगे बताया कि 31 मई को देर रात रंगदारी वसूली को लेकर टीपीसी के 10-12 अज्ञात उग्रवादियों ने हथियारों से लैस होकर घटनास्थल में 4 से 5 राउंड फायरिंग कर लगभग आधा दर्जन मजदूरों की जमकर पिटाई करते हुए पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया था।



मामले में पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत कांड संख्या 105/2023 में प्राथमिकी दर्ज कर एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ टंडवा के नेतृत्व में गठित एसआइटी ने अपराधियों के धरपकड़ में दिन-रात लगी हुई थी। वहीं गिरफ्तार अपराधियों स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया है कि कांड का सरगना लातेहार जिले के बारियातु थाना क्षेत्र स्थित रहिया निवासी प्रेम गंझू पिता चमन गंझू प्रभात जी बनकर टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम पर ठेकेदारों व कोल व्यवसायियों को व्हाट्सएप कॉल कर लेवी की मांग व धमकी देता है। उक्त व्यक्ति का कई नक्सली कांडों में संलिप्त रहने का नामजद आरोपी है। एसआइटी में एसडीपीओ के साथ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी पिपरवार गोविंद कुमार, पुअनि अशोक कुमार, पुअनि भोलानाथ दास, पुअनि रोहित यादव समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### नक्सलियों की साजिश नाकाम, दो आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी गांव से कुईड़ा के बीच जंगली- पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) दो बरामद किया है। बरामद आईईडी में आठ किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि गत 27 जून से एक अभियान टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका ,अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए दो आईईडी बरामद किया। दोनों आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर गत 11 जनवरी 2023 से पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है।

### नक्सली जयराम हेस्सा सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** नक्सल प्रभावित टोंटो थाना पुलिस ने नक्सली जराटोल मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा और उसके सहयोगी नाबालिग को सोमवार को हिरासत में लिया है। बाद में पुलिस ने जयराम हेस्सा के घर से जिलेटिन, तार, डेटोनेटर आदि बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित को सोमवार को जेल और सहयोगी नाबालिग को रिमांड होम चाईबासा भेज दिया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना अंतर्गत जराटोला मुंडासाई निवासी जयराम हेस्सा पूर्व में नक्सली मामले में 17 साल तक जेल में रह चुका है। जेल से छूटने के बाद वह फिर नक्सली गतिविधि में शामिल हो गया। टोंटो पुलिस को रविवार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित जयराम अपने एक सहयोगी के साथ पुलिस को क्षति पहुंचाने के लिए जंगल और पहाड़ में बम लगाने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक टीम का गठन किया। इसमें थाना प्रभारी सागेन मुर्मू, उपेंद्र कुमार, रवि नारायण झा, सुशांत मुर्मू अप पुलिस के जवान शामिल थे। पुलिस ने कंजरा स्थित जयराम हेस्सा घर पहुंची, जहां पुलिस ने घर के एक कमरे के तलाशी करने पर पुलिस को पहले से पांच पीस जिलेटिन, पांच मीटर लंबा हरा पीला रंग का तार, आठ मीटर लंबा प्लास्टिक पाइप जिसके एक सिरे में लाल रंग का फ्यूज एवं दूसरे सिरे में डेटोनेटर लगा हुआ, एवं एक काले रंग का प्लास्टिक का अंदर कार्बन से लिपटे हुए एक बंडल जिससे तीन मीटर लंबा सफेद रंग का पतला तार से डेटोनेटर लगा हुआ 35 पीस बरामद हुआ।

## आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र है पर्यावरण संरक्षण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि सदियों से आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र रहा है। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण इन्हीं मूल्यों को आत्मसात कर हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर, सुंदर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

## क्रिकेटर धोनी पहुंचे रांची



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सोमवार देर शाम रांची पहुंचे। धोनी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आने की खबर जैसे ही उनके फैंस को मिली, तो धोनी के टर्मिनल से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने उनके करीब पहुंचने की कोशिश की। एयरपोर्ट पर फैंस उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखे। वहां सेल्फी लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षाकर्मियों ने धोनी को उनकी गाड़ी तक पहुंचाया। धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग आईपीएल के 16वें सीजन में गुजरात को मात देकर 5वीं बार चैंपियन बनी है। आईपीएल के दौरान अपने घुटने की परेशानी से जूझते हुए उन्होंने सीजन पूरा किया। एक मई को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में घुटने का ऑपरेशन कराया। अब धोनी अपने घर रांची पहुंच चुके हैं। धोनी के साथ उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी और बेटी जीवा भी आई हैं। महेंद्र सिंह धोनी का मुंबई में घुटने का सफल ऑपरेशन कोकिलाबेन हॉस्पिटल के मशहूर डॉक्टर दिनेशॉ पारदीवाला ने किया था। ये वही डॉक्टर हैं, जिन्होंने सचिन और युवराज जैसे खिलाड़ियों के भी चोट का इलाज किया था। धोनी को फिट होने में कम से कम दो महीने लगेंगे। फाइनल में जीतने के बाद धोनी ने कहा था कि वह अगला सीजन खेलने की पूरी कोशिश करेंगे। बताया जाता है कि रांची से लगभग 80 किलोमीटर दूर लापुंग के गलगली धाम में धोनी वैद्य बंदन सिंह खेरवार से से भी घुटने का इलाज करा चुके हैं। वैद्य ने गाय का दूध, पेड़ छाल और कई जड़ी-बूटियों से दवाइयां बनाकर धोनी को दी थी।

### पलामू में भूमि विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या

**मेदिनीनगर।** जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात छोटे पुत्र बिन्देश्वर यादव ने अपने पिता नारायण यादव (60) को नुकीले एवं धारदार हथियार से शरीर के कई हिस्से में वारकर मार डाला। घटना अर्जुनडीह मोहल्ले में घटी। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद पुत्र बिन्देश्वर यादव फरार है। घटना के मूल में जमीन विवाद है। पिता का शव क्षत-विक्षत अवस्था में नवनिर्मित घर छतरपुर उदयगढ़ रोड के किनारे मिली है। यह मकान पिता द्वारा बड़े पुत्र के लिए बनाया जा रहा था।

## पूजा सिंघल सहित अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 15 जून तक बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने निलंबित आईएएस पूजा सिंघल सहित अन्य की न्यायिक हिरासत अवधि 15 जून तक के लिए बढ़ा दी है। रिम्स में इलाजरत निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की पेशी सोमवार को ईडी कोर्ट में नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर मामले के आरोपित सीए सुमन कुमार, खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश और पूर्व जेई राम विनोद प्रसाद सिन्हा की पेशी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इन तीनों की न्यायिक हिरासत की



अवधि भी 15 जून तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि गत 10 अप्रैल को पूजा सिंघल के खिलाफ कोर्ट ने आरोप गठित कर दिया था। इसके अलावा सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ भी आरोप गठित हुआ था। इसके अलावा इन सभी के पूर्व में चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने राज भवन में किया पौधरोपण

## झारखंड और आदिवासियों का वृक्षों से है विशिष्ट संबंध : सीपी राधाकृष्णन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना चाहिए। पर्यावरण दिवस पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का वृक्षों से विशिष्ट संबंध रहा है। यहां हर्षोल्लास के साथ सरहुल पर्व मनाया जाता हैए जिसमें वृक्ष की पूजा की जाती है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि आज आप सभी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण करें एवं उसके संवर्द्धन की दिशा में ध्यान दें। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि आप लोग ग्रामों में भी जाकर कार्यक्रम का आयोजन करें तथा ग्रामीणों से संवाद करें।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना है। लोगों को स्वयं के साथ अन्य को भी पर्यावरण के महत्व के संदर्भ में अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं। उसे कहीं भी फेंक देते हैंए नदियां प्रदूषित हो रही हैं। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक को अपने व्यवहार में न अपनाने की अपील की। साथ ही स्वच्छता की दिशा में ध्यान देने के लिए कहा।



राज्यपाल सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओ एन सिंह सहित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक दिवाकर आनन्द, फलक फातिमा एवं आस्था दीप ने राज्यपाल के समक्ष विचार प्रकट करते हुए पौधरोपण के संदर्भ में अपने अनुभव प्रकट किए। राज्यपाल ने राज भवन में पौधरोपण के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले और विचार प्रकट करने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। इससे पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने राज भवन में पौधरोपण किया। राज भवन में सोमवार को कुल 50 से अधिक पौधे लगाये गए।

सख्ती | बिना हेलमेट वालों का भी कटेगा ऑटोमैटिक चालान

# ट्रैफिक कंट्रोल रूम से सीधा घर जाएगा चालान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अब राजधानी रांची में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों का ऑटोमैटिक चालान कट रहा है। ऐसे में वैसे लोगों को चेत जाने की जरूरत है, जो बिना हेलमेट के शहर की सड़कों में फरार्टे भरते थे। रांची की ट्रैफिक पुलिस ने अपने काम करने के तरीके में कई बदलाव कर दिए हैं। विशेष रूप से वैसे लोग जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं, उनका ऑटोमैटिक चालान कट जाएगा। ट्रैफिक पुलिस वाहन चालक के पास आएगी भी नहीं। चालान कटने के बाद सीधा आपके रजिस्टर्ड पते पर पहुंच जाएगा। और यह सबकुछ होगा चौराहे पर लगे कैमरे की मदद से । शहर में यह व्यवस्था काम करना भी शुरू कर दिया है। इस सिस्टम को लागू करने के लिए शहर में 18 जगहों पर कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे काम भी कर रहे हैं। इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी जीवाहन उरांव ने बताया कि नयी सिस्टम के तहत जब बिना हेलमेट वाले चालक इन कैमरे के दायरे में आएंगे, कैमरे उनकी गाड़ी का नंबर प्लेट रीडिंग करेगा। फिर नंबर प्लेट को स्कैन कर, उसमें दर्ज पते पर चालान भेज दिया जा रहा है। इस सिस्टम का लाभ भी देखने को मिल रहा है। यह सिस्टम शहर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में हुई रिकॉर्ड के आधारा पर



की जाएगी। बिना हेलमेट वालों का ऑटोमेटिक चालान काटने की व्यवस्था को शहर में लागू भी कर दिया गया है। ट्रैफिक डीएसपी जीवाहन उरांव के मुताबिक अब तक ऑटोमेटिक चालान काटने की व्यवस्था केवल वैसे लोगों पर लागू थी जो सिर्फ रेड लाइट जंप करते थे। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक के अन्य नियम के लिए ट्रैफिक पोस्ट के पास रहने वाले अधिकारियों के जरिए पूरा होता था। ऐसे में अक्सर देखने को मिलता था कि लोगों और ट्रैफिक पुलिस के बीच बहस हो जाया करती थी। लेकिन इस नए सिस्टम के लागू होने से ऐसा कुछ नहीं होगा। यातायात नियम तोड़ने वालों को ट्रैफिक कंट्रोल रूम से ही उनके घर पर चालान भेजा जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी जीवाहन उरांव के मुताबिक शहर के विभिन्न जगहों पर लगे आरएलवीडी-एएनपीआर कैमरा नियम तोड़ने वाले वाहन के नंबर प्लेट को चिह्नित करेगा। हाई स्पीड कैमरे वाहन के नंबर प्लेट की फोटो भी खींचेगा। इसके बाद उसे कंट्रोल रूम भेजेगा। कंट्रोल रूम में रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए पुलिस चालक की डिटेल निकालेगी और डाक से उसके घर पर चालान भेजेगी। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक इस व्यवस्था के तहत तीन माह पहले तक लगभग चार हजार लोगों को चालान भेजा गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार कई चालकों ने ऑनलाइन चालान जमा कर दिया है। लेकिन जिन्होंने अब तक इसे नहीं भरा है, उन्हें रिमाइंडर भेजा जा रहा है। अभी तक सिर्फ रेड लाइट जंप करने पर ही ऑटोमेटिक चालान काटा जा रहा था। लेकिन जल्द ही रांची में ड्राइव करते समय मोबाइल पर बात करने, ट्रिपल राइड, सीट बेल्ट नहीं लगाने पर भी ऑटोमेटिक चालान कटेगा।

## पार्ट टाइम नौकरी के झांसे में ठगे जाने से बचें

-आरएनएम

**नई दिल्ली।** साइबर ठग हर दिन लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। अब साइबर ठगों ने लोगों को चूना लगाने के लिए दिल्ली पुलिस के नाम का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। साइबर ठग अब दिल्ली पुलिस के नाम पर लोगों को कॉल कर रहे हैं और उनसे ओटीपी मांग रहे हैं। ये ठग ओटीपी के अलावा आधार कार्ड, पैन नंबर, सीवीवी नंबर जैसी जानकारियां भी मांग रहे हैं। आइए समझते हैं पूरे मामले को और ये भी जानेंगे कि आपको कैसे सतर्क रहना चाहिए।फिल्म क्रिटिक के एक ट्वीट के मुताबिक उनके पास एक ऑटोमेटिक कॉल आया और 1 दबाने के लिए कहा गया। उन्होंने जब 1 दबाया तो कॉल को किसी राहुल सिंह के पास ट्रांसफर किया गया। बताया गया कि राहुल सिंह नई दिल्ली के कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन में तैनात हैं। राहुल ने सुचित्रा से कहा कि उनके एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड हाल ही में गुम हुए हैं जो कि अब पुलिस के पास हैं। बाद में सुचित्रा ने उनके एटीएम कार्ड का नंबर पूछा गया और फिर सीवीवी नंबर भी मांगा गया, हालांकि सुचित्रा को आभास हो गया था कि यह एक फ्रॉड कॉल है तो उन्होंने अपनी कोई भी निजी जानकारी साइबर ठग के साथ साझा नहीं की। सुचित्रा के ट्वीट पर दिल्ली पुलिस ने भी रिप्लाई किया है और कहा है कि इस तरह के कॉल की शिकायत दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर करें।इस तरह के कॉल और मैसेज आजकल खूब आ रहे हैं। अतः आपको बहुत ही सतर्क रहने की जरूरत है। इस तरह के किसी भी कॉल को तुरंत कट कर दें और नंबर को ब्लॉक कर दें। यदि बार-बार इस तरह के कॉल और मैसेज आ रहे हैं तो उसकी शिकायत पुलिस में जरूर करें।पार्ट टाइम जॉब स्कैम भी आजकल बूम पर है। पिछले कुछ महीनों से लोगों के पास पार्ट टाइम जॉब को लेकर टेक्स्ट मैसेज आ रहे हैं। इन मैसेज में दावा किया जा रहा है कि सिर्फ यूट्यूब वीडियो लाइक करके आप पैसे कमा सकते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि ये ठग लोगों के अकाउंट में कुछ पैसे भी भेज दे रहे हैं। ऐसे में लोगों को यकीन हो जा रहा है कि वास्तव में पैसे मिलेंगे। इस तरह के फ्रॉड से भी आपको बचकर रहना है।



# पीपल का पेड़ गिरने से तीन मकान क्षतिग्रस्त

**हरिहरगंज।** सोमवार को अचानक पीपल का एक विशालकाय पेड़ उखड़ कर मकानों के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गयी। हादसे में एक महिला मामूली रूप से घायल हो गयी। पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत बारा बनाडीह गांव के ब्रह्म स्थान के समीप एक पीपल का विशाल पेड़ खड़ा था। पेड़ अचानक उखड़ कर मकानों पर गिर गया। इसकी चपेट में आने से तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। कमता चौहान तथा चंदन चौहान के घर का छज्जा टूटने के साथ दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। इनके मकान से सटे बुधन पासवान का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ितों ने बताया कि पीपल के पेड़ के साथ ही एक चापाकल तथा बिजली के चार खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गनीमत रही कि उस समय बिजली नहीं थी, अन्यथ बड़ा हादसा हो सकता था। वही समाजसेवी डॉ विजय कुमार मेहता ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ पीड़ितों को हर संभव मदद दिलवाने का आश्वासन दिया। समाजसेवी ने बताया कि बीडीओ, सीओ तथा कर्मचारी को इसकी सूचना देते हुए आर्थिक मदद देने की मांग की गयी है। जबकि बिजली पोल टूटने की सूचना विद्युत विभाग के कनीय अभियंता को दूरभाष पर दी गयी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### भ्रष्ट पदाधिकारियों के कारण राज्य सरकार की हो रही बदनामी : ऋषि पांडेय

**विश्रामपुर।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि भ्रष्ट पदाधिकारियों के कारण राज्य सरकार की बदनामी हो रही है।भ्रष्ट अधिकारी-कमचार्री विपक्षी पार्टियों से मिलकर एक षड्यंत्र के तहत सरकार को बदनाम करने में लगी है।मुख्यमंत्री को भ्रष्ट पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुये,उनपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये। श्री पांडेय बी मोड़ पर नगर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे।उन्होंने विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय व प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर कई गंभीर आरोप लगाया।कहा कि दोनों कार्यलयों में अनियमितता व भ्रष्टाचार चरम पर है। पदाधिकारी से कर्मचारी तक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे है। श्री पांडेय ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त व बीडीओ सह प्रभारी सीओ के कार्य प्रणाली की जानकारी मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के सभी मंत्रियों को देंगे। नप व प्रखंड कार्यालय के भ्रष्टाचार से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे व जिलाध्यक्ष से मिलकर अवगत करायेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारियों को तत्काल विश्रामपुर से हटाया जाये।मौके पर नगर उपाध्यक्ष अली नवाज,चंदन गुप्ता,निजाम अंशारी,चंदन राम,सेफुल हक,कामिल रजक,नवीन पांडेय,मुलि पांडेय,विनोद चौधरी सहित कमेटी के कई लोग मौजूद थे।

### विधायक की समीक्षा बैठक आज

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह हरिहरगंज ब्लॉक सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए एनसीपी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि विधायक श्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यो सहित अन्य सभी विकास योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# विधायक ने विकास योजनाओं की फेहरिस्त प्रस्तुत की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में अबतक 800 करोड़ रुपए की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। इसमें सिंचाई, पेयजल, सड़क, नाली,गली, पुल पुलिया समेत अन्य कई योजनाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा रोजगार की व्यवस्था को लेकर वह लगातार लगे हुए हैं। हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए तीन प्रखंड अपने पिछले कार्यकाल में बनाने का काम हमने किया है। इसके लिए वह राज्य सरकार से लगातार मांग कर रहे हैं। हुसैनाबाद की जनता के आशीर्वाद से जिला का निर्माण होगा। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर प्राथमिकता के आधार पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने योजनाओं का चयन करने की जिम्मेवारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क पर काम हो रहा है। रोजगार की व्यवस्था का वादा किया है, उसे भी हर हाल में पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की ताकत उनके साथ है। जनता की ताकत से कुछ भी संभव हो सकता है। वे क्षेत्रों का भ्रमण करने के बाद अपने आवास पर बोल रहे थे।मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, ओमप्रकाश राजवंशी, विजय राजवंशी, विनय पासवान, जिशान हसन, रविन्द्र कुमार कांस्यकार, हाजी अब्बास अंसारी, हंसराज सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

## असंतुलित होते पर्यावरण को पौधारोपण कर के ही संतुलित किया जा सकता है : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने कई इमारती व फलदार पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि असंतुलित होते पर्यावरण को पौधारोपण कर के ही संतुलित किया जा सकता है। इसके लिये हर व्यक्ति को पौधारोपण व उसके संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा। श्री हेम्ब्रम ने कहा कि पर्यावरण को बचाना सभी लोगो की जिम्मेवारी है। पर्यावरण व संतुलन से आनेवाले दिनों में कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो सकती है। इस लिये आज ही सभी को जगने की जरूरत है।मौके पर राजस्व कर्मचारी सतेंद्र कुमार पांडेय, प्रधान सहायक अनूप प्रसाद साहू, समाजसेवी विजय कुमार रवि, सतेंद्र कुमार, राजेंद्र राम ,अशोक कुमार, अनिल कुमार सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण पर निकली जागरूकता रैली

**विश्रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी.रैली की शुरूआत पौधरोपण कर किया गया। इसके बाद विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। नगर परिषद कर्मियों ने गांधी चौक के पास अपने आसपास साफ-सफाई व पेड़ो की संरक्षण हेतु संकल्प भी लिया।

## भाजपा के विकाश तीर्थ अभियान के तहत रेहला व कधवन में कार्यक्रम आयोजित

**विश्रामपुर।** मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के अवसर पर भाजपा ने गांव गांव तक महाजनसंपर्क अभियान शुरू किया है।इसी अभियान के क्रम में भाजपा ने आज विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन किया है। जिसके तहत रेहला स्टेशन व कधवन गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रेहला में थर्ड लाइन विस्तारीकरण व कधवन में एन एच 75 फोरलेन योजना के प्रगति का जायजा लिया।सांसद बी डी राम ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा,सुशासन,विकास और गरीब कल्याण का रहा।यहां भी विकास के कई ऐतिहासिक कार्य हुआ।कार्यक्रम के प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व स्थानीय विधायक के जिला प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। मौके पर वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,जिला पार्षद अरविंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय,प्रफुल्ल सिंह,विभाकर नारायण पांडे, बबन राम, अमरेश तिवारी, शुशील ठाकुर, प्रेमसागर सिंह, सांसद के किला प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पांडेय,सुनील पासवान,डॉ विनय प्रसाद शुक्ला,सतीश्वर प्रसाद सिंह,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,मनीष गुप्ता,संतोष राम, विकास चौबे, किरण देवी, मीना देवी, उपेंद्र तिवारी, शंभू शरण सिंह,धर्मेंद्र कुमार, ज्वाला गुप्ता ,रामसरीखा पांडेय,देवनारायण सिंह, शिवबंश मिश्रा, श्यामनारायण पासवान,प्रमोद दीक्षित, राजू चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## एके सिंह कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हुसैनाबाद।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर ए.के. सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से पर्यावरण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सूर्यमणि सिंह,एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, बर्सर प्रो. शशि भूषण,प्रो. मुकेश कुमार तथा प्रो. राहुल कुमार सिंह के द्वारा इलायची तथा सुपारी के पौधों को लगाकर किया गया। इसके उपरांत नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। प्राचार्य श्री सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में हो रहे इस कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा हेतु उपस्थित शिक्षक - शिक्षकेतर कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा सैकड़ों छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। उन्होंने वृक्षों की महत्ता प्रतिपादित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि वृक्षों को लगाना तथा उन्हें सुरक्षित रखना हमारा परम कर्तव्य होता है, साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेवारी हमारा मानव धर्म है।

## संत महात्माओं की विदाई कार्यक्रम के साथ

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह श्री शतचंडी यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के भजनिया गांव में ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह श्री शतचंडी यज्ञ रविवार को भंडारे और यज्ञ में पधारे संत महात्मा को विदाई कार्यक्रम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।इस मौके पर पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज के गुरु पूर्णिमा के मौके पर शुभागमन को लेकर यज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। लोग श्री स्वामी जी के दर्शन और यज्ञ के भंडारे का प्रसाद खाकर यज्ञ का आशीर्वाद प्राप्त किये।संपूर्ण अनुष्ठान राधेकृष्ण वेणुगोपाल मंदिर वृद्ध खैरा, पांडु के श्री अनंत विभूषित श्री स्वामी विष्णु चित्त जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ।इनके अलावा श्रीमद्भागवत कथा व्यास जगत गुरु रामानुजाचार्य, श्री मुक्ति नारायण स्वामी जी महाराज (काशी) और श्रीराम चरित मानस श्रीराम कथा व्यास चंद्रबली जी महाराज ने भी यज्ञ कार्य मे अपनी कार्य भूमिका निभाई। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विपिनबिहारी सिंह, वृजनारायन सिंह, कृष्णा सिंह, प्रेम सिंह, कांतिरमण सिंह,सुनील सिंह, विमलेश सिंह,कामता प्रसाद मेहता, शम्भू मेहता, लल्लू विश्वकर्मा, बिरेंद्र सिंह पूरे दिन तन्मयता से यज्ञ मंडप में पूजन कार्य मे लगे है। वहीं कामेश्वर सिंह,सी बी रमण सिंह, नर्वदेश्वर सिंह,मनोज सिंह, अखिलेश मेहता,पप्पू प्रजापति, रामबचन मेहता, मुन्ना चौधरी, गोकुल गुप्ता , रामबचन मेहता, सहित खासकर गांव के युवा का सराहनीय योगदान रहा।

## पांकी विधायक ने निजी खर्च पर कराई सड़क की मरम्मत

**पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी से पिपराटांड़ थाना तक सड़क काफी जर्जर था,जिसे पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने अपने निजी खर्च से 2 किलोमीटर सड़क का मरम्मत करवाया। जिससे वहां के लोगों को काफी राहत होगी। विधायक डॉक्टर मेहता के द्वारा सड़क का मरम्मत कराने के बाद लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। जेसीबी मशीन लगाकर सड़क की मरम्मत कराया गया। बताते चलें कि पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के द्वारा क्षेत्र के समस्या के निदान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। विधायक डॉ मेहता के द्वारा आप तक पांकी विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों सड़कों का मरम्मत कराया जा चुका है। पांकी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पानी, सिंचाई, शिक्षा जैसे मूलभूत सुविधा पहुंचाने के काम की जा रही है।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**सतबरवा ।** प्रखंड के चेतमा में रविवार को औरंगाबांध विरोधी संघर्ष समिति के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। वही 36 गांव के ग्रामीणों ने एक साथ पर्यावरण बचाने को लेकर चेतमा गांव में जुट कर शपथ ली, बैगा के द्वारा प्रकृति की पूजा-अर्चना की गयी। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेगा वॉच के जेंमस हेरंज ने कहा कि पर्यावरण पर ही हमारा जीवन है। इसे बचाना हर लोगों का कर्तव्य बनता है। समिति के जितेंद्र सिंह ने कहा कि औरंगाबांध विरोधी संघर्ष समिति का मुख्य उदेश था, औरंगाबांध निर्माण को रोकना और पर्यावरण की रक्षा करना, कोई उजड़े नहीं ,विस्थापित नहीं हो। इसके लिए लड़ना। इस मौके पर महा बैगा दोहर सिंह, बैगा प्रयाग सिंह ,डिहल सिंह, दिनेशवर सिंह, पचाठी सिंह मौजूद थे।

# बराही धाम में हाई मास्ट लाइट लगाने की सांसद से मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किये गए प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाओं का अवलोकन को लेकर हुसैनाबाद पहुंचे पलामू सांसद बीडी राम को प्रगतिशील पत्रकार मंच के सदस्यों ने एक ज्ञापन सौंपा। दिये गए ज्ञापन में कहा है की पलामू संसदीय क्षेत्र मे बराही धाम एक चर्चित धार्मिक स्थल के रूप जानी जाती है, इस धाम परिसर मे माँ भगवती का मंदिर के साथ साथ भारतवर्ष की सबसे ऊँची दक्षिणमुखी 105 फिट का मारुति नंदन श्री हनुमान जी का प्रतिमा स्थापित है, जिसके चलते प्रतिदिन बिहार, उतर प्रदेश, छतीसगढ़, के अलावा पलामू संसदीय क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रधालु यहां पर पहुंचते है, मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी के दर्शन और पूजा करने को लेकर भीड़ ज्यादा होती है, जो देर रात तक बनी रहती है, परिसर मे लगी लाइट से प्रकाश पूरी तरह से धाम परिसर मे नही हो पाता है, इसलिए मंच की के सदस्यों की मांग है की आपके प्रयास से इस परिसर मे हाईमास्ट लाइट लगाया जाए, और माँ भगवती और हनुमान जी की कृपा सादेव आप पर बनी रहेञ ज्ञापन सौंपनें वालों मे मुख्य रूप से, मंच के अध्यक्ष सैयद नौशाद,शंभु चौरसिया, सचिव सुरेंद्र प्रसाद, संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल, कमलेश विश्वकर्मा, विकास कुमार, अखिलेश पासवान, धनंजय कुमार, जितेंद्र प्रसाद, जफर हुसैन, हिमांशु तिवारी, जितेंद रावत, समेत मंच के कई सदस्य शामिल थे। सांसद बीडी राम ने भरोसा दलाया कि बराही धाम परिसर में हाई मास्ट लाइट शीघ्र लगेगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 02-F2/2023-24

पत्रांक –475गढ़वा/दिनांक – 03.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ग्राम तिलदाग में चहका के पास चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 2497300.00/– (चौबीस लाख संतान्वे हजार तीन सौ रू0) मात्र। |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 5,000.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | तीन माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाइट पर प्रकाशित करने की तिथि | 15.06.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.06.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24.06.2023 12:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.06.2023 03:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। मो0– 9931162912eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा अग्रधन व हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

PR 299193 (Minor Irrigation)23-24*D

कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 15/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 12.06.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.06.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.06.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Public Shed in the Campus of Balumath Thana under Balumath Block in Latehar District. | 466690/ - | 10000/ - | 750/ - | 1(One ) Month |
| 2 | लातेहार के समाहरणालय परिसर में प्लास मार्ट शॉपिंग कियोस्क निर्माण कार्य | 149172 /- | 30 00/ - | 500/ - | 01 (One ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

PR 299167 Building (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

**पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।**

नाशपाती फल नीलामी सूचना।
वर्ष–2023–24

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट परिसर के नाशपाती बागान में लगे फलों को तोड़ने की नीलामी दिनांक–15.06.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे, पुलिस अधीक्षक महोदय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष पुलिस उपाधीक्षक श्री कृष्ण कुमार महतो एवं सदस्यों के समक्ष प्रशासनिक भवन के कन्फ्रेन्स हॉल में किया जायेगा जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक–14.06.2023 को शाम 05:00 बजे तक कार्यअवधि में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बागानों का नाम | नाषपाती फल वृक्षों की सं0 | निम्नतम बोली की प्रांरभिक राशि | जमानत की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | बागान "ए" (CLI आवास के सामने) | 316 (लगभग) | 3,00,000.00 (तीन लाख) रू0 | 50,000 रू0 |
| 2. | बागान "बी" (मैग्जीन सुरक्षा गार्ड क्षेत्र) | 67 (लगभग) | 66,550.00 (छियासठ हजार पाँच सौ पचास) रू0 | |
| 3. | बागान "सी" (नाला के उस पार पूर्वी भाग) | 187 (लगभग) | 5,12,435.00 (पाँच लाख बारह हजार चार सौ पैंतीस) रू0 | |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यअवधि में जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में नाशपाती फल निलामी हेतु गठित कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से अनुमति प्राप्त कर फल बागान देख सकते है। फलों को तोड़ने की नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार है:–

1 बागानों के सामने अंकित जमानत की राशि पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के पदनाम से चेक या कैश के रूप में भुगतान/देय होगा, जो नीलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रखी ली जायेगी और अन्य असफल व्यक्यिों की जमानत राशि नीलामी के समाप्ती के पश्चात वापस कर दी जायेगी।
2 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड/आधार कार्ड नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप से प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे।
3 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधित सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपत–पत्र मूल रूप से नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4 अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक–15.06.2023 को फलों का निलामी का एकरारनमा करना होगा तथा अधिकतम नीलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि तीन दिनों के अंदर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के लेखा शाखा में जमा करना होगा (जमानत की राशि उसमें सामंजित की जायेगी) ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ नीलामी करने के लिए समिति को अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5 फल तोड़ने के पूर्व नीलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।
6 अधिकतम बोली वाले व्यक्ति को फलों की देख–भाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वयं होगा जो समिति के कार्यो के अनुरूप कार्य का संपादन करेंगे।
7 फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षतिग्रस्त ना होने पाये यदि क्षति हुई तो नीलामी लेने वाले व्यक्ति से पेड़ की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा।
8 संस्थान के हित में यदि नीलामी का राशि समिति द्वारा निर्धारित दर से कम आता है तो नीलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर नीलामी की जायेगी।
9 नीलामी में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं निविदाकर्त्ताओं को कोविड–19 के सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।
10 समिति को यह अधिकार होगा की बिना कारण बताये नीलामी कि शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR 299159 Police(23-24)D

**जिला खनन कार्यालय, चतरा**
(e-mail-id - dmo-chatra@jharkhandmail.gov.in)

सूचना
लघु खनिज बालू की खरीदगी के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार चतरा जिलान्तर्गत वर्षा ऋतु में असैनिक निर्माण कार्यो में लघु खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखते हेतु जिले के वैध बालू भण्डारण अनुज्ञप्तिधारियो एवं मेसर्स JSMDC द्वारा संचालित बालू स्टॉकयार्ड को पर्याप्त मात्रा में बालू का भण्डारण करने हेतु निदेशित किया गया है। वर्तमान में जिलान्तर्गत JSMDC के 04 एवं निजी अनुज्ञप्तिधारियो के 07 बालू स्टॉकयार्ड चालू है, जिसकी सूची JIMMS Portal पर अपलोड है।

अतएव संबंधित संवेदको/एजेन्सियो एवं आम लोगो से अनुरोध है कि वर्षा ऋतु में JSMDC के 04 बालू स्टॉकयार्डो से ऑनलाईन बालू का क्रय हेतु JSMDC के वेबसाईट–https ://jsmdc-sand.jharkhand.gov.in/ पर लोगिन कर बुकिंग किया जा सकता है तथा निजी अनुज्ञप्तिधारियो से सम्पर्क कर ई–परिवहन चालान के माध्यम से बालू प्राप्त की जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा

PR299233 Mines and Geology)23-24*D

**कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा**
**(उत्पाद शाखा)**

खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निश्पादन हेतु
अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि " झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022" के कंण्डिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त),झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक– 1419 (अनु0) दिनांक– 11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (बडा/छोटा) के बिक्री निश्पादन के संबंध में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते है। जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | दिनांक–08.06.2023 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | 22.06.2023 अप0 04:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | 23.06.2023 पूर्वाहण 11.30 बजे |
| 4 | मुहरबंद निविदा खुलने का स्थल | अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, लोहरदगा। |

नोट :– आवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में इच्छुक आवेदक प्रत्येक सप्ताह के दिन मंगलवार को कार्यालय अवधि में आवेदन समर्पित कर सकते है तथा इसका निश्पादन अगले कार्य दिवस को की जाएगी।

उक्त नियमावली/निदेश के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, प्रात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजात की विवरणी एवं प्रक्रिया से सबंधित विस्तृत सूचना कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, लोहरदगा में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षक, उत्पाद,
लोहरदगा

PR299165 (Lohardaga)23-24*D

## NEWS इन ब्रीफ

### सुल्तानी घाटी में आपस में कई वाहनों की टक्कर

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाटी में आपस में कई वाहन टकराने से कई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी छतरपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचायी।वहीं इस घटना के बाद मुख्य सड़क पर घंटो जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। जाम की वजह से वाहन चालको को कड़ी धूप में मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ निवासी विनय सिंह की पत्नी मंजू देवी उम्र 40 वर्ष जहरीला कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास की। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह मंजू देवी को किसी बात को लेकर अपने सास से झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि मंजू घर में रखें कीटनाशक दवा का सेवन कर ली। दवा का सेवन करने के बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। फिलहाल महिला का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है।

### पलामू फेयर प्राइज शाप डीलर एसोसिएशन का धरना

**मेदिनीनगर।** पलामूं जिला फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। पलामूं जिला के जन वितरण विक्रेता अपनी 9 सुत्री मांग को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम से उपायुक्त को सौपे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद पांडे ने की।जबकि संचालन प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बकाया कमीशन का भुगतान कराने,टू जी सिस्टम को फॉर जी में बदलने, गोदाम से सही मात्रा में अनाज उपलब्ध कराने, इलेक्ट्रिक कांटे से नेट के अभाव में हो रही प्रेषणी को दूर कराने सहित कई मांग शामिल है।मौके पर खाद्यपुर्ती मंत्री के पलामू प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी ने डिलरों को आश्वस्त किया कि वे उनकी मांगों को मंत्री तक ले जाकर समाधान की दिशा में पहल करेंगे। मौके पर युगल किशोर तिवारी, पारस सिंह, मिथलेश राम, लखन राम, मयूर अहमद,सुरेंद्र सिंह,सुनील पांडेय सहित सैकड़ो जन वितरण प्रणाली के विक्रेता उपस्थित थे।

# मनरेगा में बिना काम कराये निकाली जा रही राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में संचालित मनरेगा योजना में लगातार गबन करने की खबरें सामने आ रही है। ऐसा है मामला पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत के केकरगढ गांव द्वारका मैं सामने आया है। केकरगढ़ पंचायत के ग्राम द्वारिका गांव के जामुन टोला में बिचौलियों के द्वारा काम किए बगैर हिरू भुइयां के खेत में डोभा निर्माण में 12/05/201834055005025/ 7080901251251852 मनरेगा की राशि 60480 (साठ हजार चार सौ असी रूपया) की निकासी की गई है। मेठ कुशमरी देवी द्वारा रोजगार सेवक पंचायत से पैसा का बंदरबांट किया गया। मेठ कुशमरी देवी अभी पंचायत समिति सदस्य हैं। पलामू के प्रखंड पांकी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा सरकार की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। रोजगार की गारंटी हो ना हो लेकिन भ्रष्टाचार की पूरी गारंटी है। दरअसल मनरेगा में चौंकाने वाला मामला उजागर हुआ प्रखंड पाकी के केकर गढ़ पंचायत के ग्राम द्वारका में। बिना मजदूरों द्वारा काम किए बगैर पदाधिकारी की मिलीभगत से पैसा का निकासी किया जाता है।

# 12 जून तक चलेगा चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान

## स्वच्छता रथ को किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 12 जून तक 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत आज से हो गई है। अभियान के तहत आज पेयजल एवं स्वच्छता विभाग पलामू के अधीक्षण अभियंता राजमोहन सिंह एवं कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर से स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के प्रखंडों में पंचायत वार भ्रमण करेगी तथा महिलाओं से जुड़े हुए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष रुप से चर्चा कर जानकारी देगी। मौके पर सहायक अभियंता प्रेम कुमार, हरेराम सिंह, कनीय अभियंता रणबीर सिंह, ददन राम, सरयू मेहता, जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक धर्मेंद्र दुबे, अमित कुमार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक मनोज कुमार तथा अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा लगाई जा रही घटिया सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के प्रखंड पांकी के ग्राम द्वारिका अमानत नदी पुल के दोनों तरफ कालीकरण रोड बन रहे द्वारिका और होटवार के रास्ते घटिया सामग्री प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव कच्चे रास्ते को पाक्का कराने का काम चल रहा है। इस रास्ते में ठेकेदार ने घटिया सामग्री का प्रयोग करते हुए न नीचे रोड़ी डाली है और ना अच्छी तरह मिट्टी डाली। इस रास्ते में को यूं ही समतल करके लेंटर को फैला दिया है। आरोप है कि ये रास्ता 1- 2 महीने से ज्यादा नहीं चलेगा। इस रोड को ठेकेदार प्रमोद प्रसाद द्वारा बनाया जा रहा है।

## संजीदगी से मना विश्व पर्यावरण दिवस

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पाठशाला का आयोजन

### आज के इस भौतिकता के युग में पर्यावरण को सहेजना और संभालना अत्यंत ही आवश्यक है : प्राध्यापक

### पर्यावरण से मित्रता किए बिना आज के वर्तमान परिपेक्ष में जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विकासार्थ विद्यार्थी(SFD) पलामू जिला इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में पर्यावरण पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासार्थ विद्यार्थी पलामू जिला संयोजक सुमित पाठक एवं संचालन जनता शिवरात्रि महाविद्यालय की कार्यकर्ता गीतांजली कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के शिक्षक प्रा. विकास कुमार, अभाविप के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव , विकासार्थ विद्यार्थी पलामू जिला संयोजक सुमित पाठक एवं नगर सह मंत्री नीतीश दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने विचार रखते हुए प्राध्यापक विकास कुमार ने कहा कि आज हम जिस भौतिकता के युग में जी रहे हैं ऐसी परिस्थिति में पर्यावरण को सहेजना और संभालना अत्यंत ही आवश्यक है । आज की युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, वृक्षारोपण के लिए ,जल संरक्षण के लिए जागरूक करना बहुत ही नेक कार्य है जो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव ने कहा कि अभाविप कार्यकर्ता पिछले कई वर्षों से वृक्षमित्र कार्यक्रम के माध्यम से लगातार स्वयं तो वृक्षारोपण कर ही रहे हैं साथ ही समाज को भी अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण के लिए जागरूक भी कर रहे हैं। इसकी चिंता भी हम सब करेंगे। विकासार्थ विद्यार्थी पलामू जिला के संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि एसएफडी के माध्यम से पिछले वर्ष में पलामू में हम लोगों ने बहुत बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया था और इस वर्ष भी जिले में विद्यार्थियों और समाज के महनिए लोगों से सहयोग से बड़ी संख्या में वृक्षारोपण का लक्ष्य तय किया जाएगा क्योंकि पर्यावरण से मित्रता किए बिना आज के वर्तमान परिपेक्ष में जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती , तो यह नितांत आवश्यक है कि हम सब वृक्ष मित्र बने ,वृक्षारोपण करें और वृक्षों की सेवा करें। कार्यक्रम के अंत में नगर सह मंत्री नितेश दुबे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी कार्यकताओं और छात्र छात्राओं को धन्यवाद किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरभी ठाकुर, दीपिका मिश्रा ,विशाल कुमार ,रितेश तिवारी, अंजली कुमारी ,रितिका कुमारी ,अवधेश कुमार,अंजली गुप्ता, उज्जवल सिंह,विक्रांत कुमार, प्रिया तिवारी, मीनाक्षी सिंह सहित ढेरों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**इसके अलावा पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय में**

**पौधारोपण कार्यक्रम हुआ :** सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय में स्थित पुष्प बाटिका में पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व अन्य न्यायिक अधिकारियों के द्वारा पौधारोपण किया गया ।इस मौके पर पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि पर्यावरण पर समस्त जीव का अस्तित्व है। इसलिए हम सभी को पौधा लगाना चाहिए व उसकी सही ढंग से देखभाल भी करने की जरूरत हैं। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके । उन्होंने कहा कि पौधे के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है । इस मौके पर 20 पौधे अमरूद, निम्बू , कामिनी आदि के लगाये गये। इस मौके पर डीजे सन्तोष कुमार, बिनोद कुमार सिंह, अमरेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, प्रेमनाथ पाण्डेय, संजय सिंह यादव, सी जे एम निरूपम कुमार, आनन्दा सिंह, शिखा अग्रवाल, अर्पित श्रीवास्तव, परमानन्द उपाध्याय, रितु कुजूर, अमित गुप्ता, मनोज कुमार, सतीश कुमार मुंडा, अमित बंसल, प्रतीक राज, मिस रूबी, मिस अपेक्षा, चन्दन कुमार गोस्वामी, न्यायिक पदाधिकारी के अलावे ब्यवहार न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता गण, पी एल भी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अस्पताल से भी जागरूकता रैली निकली



जागरूकता रैली को सिविलसर्जन अशोक कुमार और डीपीएम दीपक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली में स्वास्थ्य सहिया और एएनएम जीएनएम के छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान अस्पताल के गोलघर से छह मुहान चौक तक स्वास्थ्य सहिया और जीएनएम एएनएम के छात्रों द्वारा नारा लगाते हुए रैली निकाली गई। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि मनुष्य के जीवन में पौधे का बड़ा योगदान है। जहां पेड़ पौधों से मनुष्य को ऑक्सीजन मिलती है वहीं भूगर्भ स्तर को गिरने से रोकने और अधिक बारिश में भी पौधे अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य को अपने घर में पेड़ लगाकर प्राकृतिक की रक्षा करनी चाहिए। वही डीपीएम दीपक कुमार ने कहा कि वृक्ष और वन सम्पदा बचेगी, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि मानव व पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। इसलिए हमें वृक्षों की कटाई को रोकना होगा और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। मौके पर बिटीटी अरुण तिवारी,बिटीटी सीमा कुमारी,बिटीटी सुमन कुमारी,पुष्प लता कुमारी,सरिता देवी सहिया गीता देवी,पूनम देवी,सविता देवी,चंचला कुमारी,आरती कुमारी,नीलम कुमारी,सुनीता कुमारी सहित अन्य सहिया और जीएनएम एएनएम के छात्र रैली में शामिल थे।

### उड़ीसा रेल दुर्घटना में रेलवे विभाग की घोर लापरवाही : विनोद सोनी

**मेदिनीनगर।** बिनोद कुमार सोनी, बसपा नेता सह अधिवक्ता ने बयान जारी कर कहा है कि आधुनिक युग में उड़ीसा में कोरोमंडल एक्सप्रेस का दुर्घटना होना निश्चित रेलवे विभाग की घोर लापरवाही है। मृतकों एवं घायलों की सही जानकारी नहीं देना घोर अपराध की श्रेणी में आता है। घटना के तुरंत बाद लाशों को लावारिस घोषित कर उसको गायब कर देना, यह बहुत दुखद बात है। ट्रेन में जितने यात्री सफर कर रहे थे सरकार यह घोषणा नहीं करती है लोगों के माध्यम से या जो सफर करने वाले लोग को कभी न कभी जनरल बोगी में सीट से 5 गुना एवं छह गुना सवारी बोगी में खचाखच भरा हुआ देखने मिलता है इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ट्रेन के बोगी में कितने सवारी सफर करते होंगे। सरकार सीट से ज्यादा क्यों टिकट काटती है। सरकार क्या दोषी नहीं है निश्चित सरकार दोषी है। सरकार को रेलवे मंत्री, रेल मंत्रालय से लेकर जिस रूट में दुर्घटना हुई है सभी को सीबीआई का निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। दोषी क्यों ना रेलवे मंत्रालय के पदाधिकारी हो कड़ी से कड़ी सजा सभी को मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटना ना हो सके। दुर्घटना में मृतक एवं घायलों को बगैर परेशान किए बिना अतिशीघ्र मुआवजा मिलनी चाहिए।

# दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची को दिया जन्म

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले का खुलासा तब हुआ, जब दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता ने अब एक बच्ची को जन्म दिया है। फिलहाल पीड़िता और उसकी बच्ची मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती हैं। जहां डॉक्टरों की टीम दोनों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए है। बताया जाता है कि नाबालिग लड़की पानी लाने के लिए पड़ोस जाती थी। इसी दौरान पड़ोसी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पलामू के नावाजयपुर थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय पीड़िता अपने पड़ोस में पानी लेने के लिए जाती थी। आरोप है कि इसी दौरान 46 वर्षीय पड़ोसी ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही मामले की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। दुष्कर्म के चार महीने के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई। इसके बाद उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। वहीं जानकारी मिलने के बाद मामले में पीड़िता के पिता ने नावाजयपुर थाना में आवेदन देकर आरोपी पर पॉक्सो और दुष्कर्म की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी थी।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अनुसंधान करते हुए कोर्ट में अंतिम चार्जशीट भी दाखिल कर दी है।

# इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला की सातवीं कड़ी संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की पलामू इकाई द्वारा प्रत्येक रविवार को सांस्कृतिक पाठशाला का संचालन किया जाता है। इस पाठशाला की सातवीं कड़ी 4 जून को उड़ीसा प्रांत के बालासेर रेल दुर्घटना के दौरान मृतक रेल यात्रियों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक प्रस्ताव अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने रखा। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना प्रशासनिक लापरवाही और मंत्रालय से लेकर संबंधित विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का नतीजा है। मृतक रेल यात्रियों व घायल यात्रियों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए एकजुटता जाहिर की गई। इसके बाद सांस्कृतिक पाठशाला की सातवीं कड़ी में महिला पहलवानों के आंदोलन पर विमर्श का आयोजन किया गया। इस विमर्श के दौरान इप्टा झारखंड के महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्रा, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं विचारक नंदलाल सिंह, सुरेश सिंह, झारखंड क्रांति मंच के शत्रुघ्न कुमार शत्रु, प्रगतिशील लेखक संघ के नुदरत नवाज एवं डॉ इंतखाब असर, शिक्षक गोविंद प्रसाद, इसडो के पंकज लोचन, अनुसूचित जाति संघ के रवि पाल ने महिला पहलवानों के आंदोलन पर अपने - अपने विचार व्यक्त किए। तमाम लोगों ने कहा कि महिला पहलवानों का आंदोलन वर्तमान राजनीति को उजागर करता है।

# एमएमसीएच सदर अस्पताल से पकड़ी गई दो महिला दलाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे और पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना की एसआई सुनिला लिंडा और एएसआई नबी अंसारी के नेतृत्व में सदर अस्पताल एमएमसीएच में रविवार को दोपहर दलालों के खिलाफ अभियान चलाकर दो दलाल महिला को पकड़ कर उनसे पूछताछ करने हेतु थाना ले गई। आपको बता दे की सरकारी अस्पतालों में प्रति दिन प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को डरा धमका कर निजी अस्पतालों में भेज दिया जाता है। यह काम बाहर के किसी दलाल के द्वारा नहीं बल्कि एएनएम और सहिया के द्वारा किया जाता है। इस तरह की शिकायत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर, लेसलीगंज, पांकी, पाटन समेत अन्य कई अस्पतालों में भी है। इस खेल में ममता वाहन संचालकों की भी भूमिका रहती है। यही वजह है की सरकारी अस्पतालों के योग्य चिकित्सकों की जगह मरीजों को अयोग्य और झोला छाप चिकित्सकों के हवाले कर दिया जाता है। ऐसे में उनके आर्थिक दोहन के साथ उन्हे भारी जोखिम भी उठाना पड़ता है।प्रखंड और अनुमंडल मुख्यालय में बड़ी संख्या में अवैध नर्सिंग होम और क्लीनिक चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग बेखबर है या जान बूझ कर उन्हे खुली छूट दी गई है। इसी प्रकार एक एक प्रखंड में चार पांच अल्ट्रा साउंड को लाइसेंस दिया गया है। इन प्रखंडों में न सर्जन है न महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक।फिर इन अल्ट्रा साउंड में महिलाएं क्या और किसके पुर्जे पर जांच कराने आती है।जांच होने पर पता लगेगा। इसमें भी एएनएम और सहिया के इशारे पर सभी तरह के जांच होती हैं।अगर स्वास्थ्य विभाग को सच की जानकारी नहीं है, तो कोई महिला अधिकारी रोगी बनकर जांच करा सकती है। हकीकत सामने आ जाएगी। यह सभी जांच का विषय हैं। मगर कभी ईमानदारी से जांच नहीं होती। जांच होने पर दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा।

## धरती के जीवों का अस्तित्व पर्यावरण संरक्षण पर निर्भर है :अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** पर्यावरण दिवस को लेकर संत मरियम स्कूल के संचालक अविनाश देव ने कहा कि अर्धशताब्दी पहले दुनिया के 119 देशों ने यह महशुस कर लिया था कि अगर प्रकृति व पर्यावरण को नहीं बचाये तो धरती से जीवन का नामोनिशान मिट जाएगा। इसीलिये संयुक्त राष्ट्र संघ ने 05 जून की पहली बैठक को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में घोषणा की। लेकिन स्थापना कि पहली आधिकारिक बैठक स्वीडन में हुई। तब से आज तक पर्यावरण के संरक्षण के लिये दुनिया के तमाम देश निरंतर लगे हुए हैं। इस वर्ष 2023 का मूल थीम है प्लास्टिक कचरा को कम करना। अत्याधुनिक जीवनशैली व आरामतलबी जिंदगी इन्शान को मौत के करीब धकेल रखा है। अगर इंसान समय रहते नहीं चेता तो खौफनाक मौत का मंजर सामने होगा।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के छात्र नेता बरी

**मेदिनीनगर।** अगस्त 2014 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के द्वारा नीलाम्बर पीताम्बर विश्विद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु चरणबद्ध लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे आंदोलन में विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के उपर बर्बरता से लाठीचार्ज किया गया था। परिषद के नेताओं पर तत्कालीन विश्वविद्यालय प्रशासन के आवेदन पर प्रशासन द्वारा केस किया गया था। विद्यार्थी परिषद छात्रों की समस्याओं के लिए कॉलेज परिसर से लेकर सड़क का आंदोलन हो या अन्य विभिन्न सामाजिक कार्यों में सकारात्मक पहल हो, परिषद् ने एक लंबा इतिहास बनाया है। प्रशासन द्वारा तत्कालीन छात्र नेता ज्योति पांडेय,श्वेतांक गर्ग, रोहित पाठक,रितेश चौबे,दीपक पांडेय,हरिवंश सिंह,अनुज सिंह एवं आयुष तिवारी के अलावा 1000 अज्ञात छात्रों पर केस किया गया था। न्यायालय द्वारा सभी को दोष मुक्त करते हुए केस खत्म होने पर सभी ने न्यायालय के प्रति आभार जताया।

**निषेधाज्ञा** | **कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए एसडीओ ने जारी किये कई निर्देश**

# परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

### 9:45 बजे सुबह से 1 बजे दोपहर तक एवं द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से शाम 5:15 तक संचालित होगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**वार्षिक मदरसा परीक्षा(वर्ग वस्तानिया से मौलवी तक)2023 एवं आलिम से फाजिल,2022 का आयोजन सदर अनुमंडल मेदनीनगर अंतर्गत राजकीय बालिका + 2 उच्च विद्यालय, राजकीयकृत ब्राह्मण उच्च विद्यालय, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय, राजकीयकृत गणेश लाल अग्रवाल उच्च विद्यालय व राजकीयकृत सर्वोदय बालिका उच्च विद्यालय में दिनांक 6 जून 2023 से 15 जून तक दोनों पाली में संचालित की जायेगी। परीक्षा प्रथम पाली में 9:45 बजे सुबह से 1 बजे दोपहर तक एवं द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से शाम 5:15 तक संचालित होगी।परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है।इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है।इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी।परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक,परीक्षार्थी,पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा।यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगी।सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2023 के परीक्षाओं के लिए कुल 5 केंद्र बनाए गए हैं।इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को किया गया पर्यावरण के प्रति जागरूक

# पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे रोपने-पेड़ों को बचाने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने निर्देशानुसार स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से निकलकर प्रखंड कार्यालय परिसर,कचहरी परिसर होते हुये पुनः अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर सम्पन्न हो गई। प्रभातफेरी में शामिल स्वास्थ्य कर्मी पर्यावरण बचाने को लेकर नारे लगा रहे थे- यथा -कड़ी धूप है जलते पांव-होते पेड़ तो मिलते छावं, पौधा लगावें-पर्यावरण बचावें, प्लास्टिक पर बैन लगाओ आदि नारे लगाये जा रहे थे। प्रभातफेरी समापन से पूर्व सबों ने पर्यावरण की हिफाजत के लिये पौधारोपण करने का संकल्प लिया। प्रभातफेरी में अस्पताल के सहायक विपेश राज तमांग, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, रवि कुमार सिन्हा, एसटीटी सुभाष पासवान, बिटीटी सुनीता देवी सहित सभी सहिया साथी, सहिया, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू आदि उपस्थित थे।




## पर्यावरण प्रदूषण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय मध्य विद्यालय चितविश्राम परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में अशोक, सहजन, आमला, अनार के पौधे लगाए गए। इसके बाद बच्चों में पर्यावरण व प्रकृति के प्रति संवेदना उतपन्न करने तथा बच्चों की मनोवृत्ति जागृत करने के लिये पर्यावरण प्रदूषण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतिभागी शामिल हुये। पेंटिंग प्रतियोगिता में वर्तिका ने प्रथम, शिवम पांडेय ने द्वितीय तथा साजन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में संवेदनशील पोस्टर व्योम कृष्णा का घोषित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस



अवसर पर पर्यावरण जागृति के सचिव कमलेश कुमार पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद, रामव्यास पांडेय, उपेंद्र चौधरी, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## मेराल थाना परिसर में कई प्रकार के पौधे लगाए गए

**मेराल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेराल थाना परिसर में फलदार सहित 51 इमारती पौधे लगाये गये। इस मौके पर डीपीसी जेवियर एक्का, पीएलए के जिला समन्वयक अजीत कुमार सिंह, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ विजय किशोर रजक, डॉ स्नेह लता, डॉ पुष्पा शहगल, डॉक्टर निखत प्रवीण, अस्पताल प्रबंधक सच्चिदानंद पांडेय, बिमलेश कुमार, अर्बन बीटीटी सत्यनारायण मालाकार सहित सभी सहिया एवं अन्य लोग मौजूद थे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल ने फलदार एवं छायादार पौधा आम अमरूद जामुन पीपल बरगद सागवान शीशम शमी आंवला सहित अनेकों प्रकार के 51 पौधा थाना परिसर में लगाया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से रोकथाम के लिए अधिक से अधिक पौधा सभी लोगों को लगाना चाहिए। जिससे लोगों को पर्यावरण के साथ-साथ अनेकों फायदा मिलता है । वृक्षारोपण में एसआई संजय कुशवाहा सुरजीत चौधरी संतोष कुमार सिंह, मुन्ना चौधरी, विकास दुबे सहित पुलिस बल एवं चौकीदार शामिल थे। गढ़वा सदर अस्पताल में आज डायरिया पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार डीएस डॉ अवधेश कुमार सिंह , डीपीसी जेवियर एक्का, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ



विजय किशोर रजक, डॉ स्नेह लता, डॉ पुष्पा शहगल एवं डॉ निखत प्रवीण के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि डायरिया का सीजन शुरू होने वाला है इसी को देखते हुए सभी लोग डायरिया का प्रबंधन अपने अपने क्षेत्रों में करें ।इसी को लेकर ज्यादा जरूरी है कि सभी लोग स्वच्छता का ध्यान रखें अगर स्वच्छता रहेगी तो डायरिया में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि डायरिया होने की स्थिति में लोग नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना इलाज करा सकते हैं साथ ही साथ ओआरएस एवं जिंक टेबलेट के माध्यम से भी लोग डायरिया जैसी बीमारी से बच सकते हैं । इधर डीएस डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना के समय में डायरिया के केस में काफी कमी आई थी इसका मुख्य कारण था कि सभी लोग हाथ धुलाई के साथ-साथ स्वच्छता का भी ख्याल

## पौधरोपण की ली शपथ

**भवनाथपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह व कर्मियों ने 25 फलदार पौधा लगाएं। इस मौके पर पर्यावरण को संतुलित रखने के सभी लोंगो से अधिक से अधिक पौधरोपण कराने का संकल्प लिया। डॉ दिनेश सिंह ने कहा कि आज जो पर्यावरण दूषित होने से मौषम के हालात बने है उससे पूरी दुनिया चिंतित है। कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। जिसे हम सब मिलकर पर्यावरण का संरक्षित कर सकें कहां की हम सभी लोगों को एक-एक पौधा अपने घरों पर भी आज के दिन लगाना चाहिए, उसकी देखरेख और उससे बड़ा करना चाहिए जिससे ऑक्सीजन और ताजी हवा प्रदान करती है। इस मौके पर डॉ निशंक एवं लेखा पदाधिकारी प्रदीप कुमार पाठक ने भी पांच पांच फलदार पौधे लगाये।



## NEWS इन ब्रीफ

### डॉ. कुलदेव ने 7वीं बार किया रक्तदान

**गढ़वा।** चौधरी जेनरल हॉस्पिटल के संस्थापक सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने ब्लड बैंक, गढ़वा में 7वीं बार रक्तदान किया। मौके पर रौशन कुमार, कॉर्डिनेटर प्रदीप कुमार, लैब टेकनीशियन अजित कुमार, रामजी राम, समाजसेवी सुनील कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

### शोक सभा आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को पुरैनी ग्राम निवासी शम्भू राम, नगर उंटारी निवासी विश्वनाथ साव के निधन और रेल हादसे में मारे गए लोगों के लिए शोकसभा आयोजित की गई। मौके पर सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी,जाउल अंसारी के नाम शामिल रहे।

### बीजों की दी जानकारी

**मेराल।** माही को प्राइवेट लिमिटेड बीज कंपनी द्वारा सोमवार को मेराल सामुदायिक भवन में किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला के समृद्ध किसान कंपनी के आरबीएम राजीव कुमार टीबीएम गोविंद कुमार प्रतिनिधि राम मणि मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर समृद्ध किसान श्याम नारायण चौबे बबल कालिया पुष्कर मिश्र अवध किशोर चौबे सत्येंद्र जयसवाल डॉक्टर फैजुल हक अंसारी आदि उपस्थित थे।

### सत्यम जयसवाल का ऑपरेशन सफल

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय निवाशी झारखंड वार्ता के संपादक सत्यम जायसवाल का रांची के जसलोक अस्पताल में ऑपरेशन सफल हुआ। जायसवाल को 1 जून को पैर में दर्द होने के बाद रांची के जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां आज ऑपरेशन कर उनके पैर से रॉड निकाला गया। जयसवाल 2019 में जब रांची में कार्यरत थे तभी फरवरी महीने में एक दुर्घटना में उनके हाथ और पैर की हड्डी बुरी तरह से टूट गई थी जिसके बाद उन्हें लगभग 1 साल तक बिस्तर पर रहना पड़ा था।

### हजयात्रियों के लिए की दुआ : डॉ असजद

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के मदरसा रोड निवासी युवा समाजसेवी डॉ. असजद अंसारी ने ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी की। इस अवसर पर उन्होंने गढ़वा जिला से हजयात्रा पर जाने वाले हजयात्रियों के लिए दुआ की। ताकि हजयात्री का सफर आसान हो। वहीं हजयात्री हज से संबंधित सभी अरकान पूरा कर सकें। इसके अलावा उन्होंने गढ़वा जिला की खुशहाली को लेकर दुआ मांगी।

## चिलचिलाती धूप में छोटे स्कूली बच्चों से कराया जा रहा बीड़ी पत्ता पलटने का कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

इन दिनों क्षेत्र में केंदू पता तोड़ाई का कार्य चल रहा है, जिसमें भवनाथपुर में विभाग द्वारा घाघरा, सरैया व करमाही गांव में बीड़ी पत्ता लिया जा रहा है। करमाही बीड़ी पता खलिहान में संवेदक द्वारा छोटी उम्र के स्कूली बच्चों से कार्य कराया जा रहा है। महिलाओं के साथ बच्चे भी कड़ी धूप में पत्ता पलटने का कार्य कर रहे थे। सबसे घातक बात यह है कि उक्त बच्चों से जो पता पलटने का कार्य लिया जा रहा है उसमें दीमक मारने वाला जहरीला रसायन छिड़का गया है। ऐसे में काफी दुर्गंध के साथ बच्चों को बिना मास्क व ग्लब्स के कार्य करते देखा गया। स्कूली बच्चे मनदीप कुमार पिता रविन्द्र कोरवा, ब्रजेश यादव पिता कमलेश यादव, गोलू कुमार पिता अनिल कोरवा, सोनू कुमार पिता जगरनाथ कोरवा,



मनदीप कोरवा पिता बालेश्वर कोरवा, रंजन कुमार पिता बालम कोरवा, राजनाथ कोरवा पिता बालम कोरवा, सोनम कुमारी पिता नानकेश्वर अगरिया ने बताया कि कैलान के सुनिल यादव मुंशी के द्वारा हम लोगों को पचास रुपये प्रतिदिन पर बात हुई है, जबकि महिलाओं को 120 रुपये प्रतिदिन देने की बात हुई है। बीड़ी पत्ता तोड़कर लाने वाले मजदूरों की भी संवेदक द्वारा उनके बैंक खाता के बजाय नकद प्रति सैकड़ा 155 रुपये दिया जा रहा है। बाकी किसी भी प्रकार के केंद्र पर मजदूरों के लिए शेड अथवा अन्य सुविधा संवेदक द्वारा नहीं दी गई है। इस विषय पर संवेदक से संपर्क नहीं हो पाया, जबकि मुंशी सुनील यादव ने बताया कि बाल मजदूर से काम लेने की जानकारी नहीं है। महिला मजदूर के साथ ही बच्चे गये होंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि इस दवा में 75 प्रतिशत जहर हैं जो बच्चों के लिए काफी घातक है, इस दवा के असर में कुछ देर रहने से बच्चों को सांस लेने में परेशानी से एलर्जी एवं बुखार के साथ मौत हो सकती है।

## महोत्सव व महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी

**श्री बंशीधर नगर।** भारत के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के संकल्पित चातुर्मास व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। आगामी 12 जून से सुबह 7 से 8 तक मंगला आरती व संध्या बेला में 5 से 6 तक स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा। इसके लिए श्री जीयर स्वामी जी महाराज रविवार को यज्ञ स्थल पाल्हे-जतपुरा में पधार चुके हैं यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे व सचिव अनीश शुक्ला ने बताया कि 12 जून से सुबह मंगला आरती व शाम में स्वामी जी महाराज के श्री मुख से कथा वाचन किया जाएगा।

## प्रचंड गर्मी में लोगों का जीना मुहाल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से भगवान भाष्कर का रौद्र रूप में है। प्रखंड में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान सूर्य आग उगल रहे है। प्रखंड का तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। जिससे प्रखंड में शरीर को जला देने वाली चिलचिलाती धूप के साथ भयंकर लू चल रहा है। जिससे प्रखंड वासियो का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दिन में 10 बजे के बाद से ही प्रखंड मुख्यालय की मुख्य सड़कों के साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़के सुनी हो जा रही हैं। चिलचिलाती धूप तथा लू से बचने के लिए दोपहर 9 बजे से लेकर 4 बजे तक लोग घर से काम निकल रहे है। अति आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घर से बाहर शरीर को ढंक कर निकल रहे है। चिलचिलाती



धूप तथा लू ने प्रखंड वासियो का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जिसका असर खरौंधी बाजार में रविवार को देखा गया। चिलचिलाती धूप तथा लू से खरौंधी बाजार में बहुत कम लोग पहुंचे थे। रविवार की शाम पांच बजे तक खरौंधी बाजार में एका दुक्का लोगो को देखा गया। खरौंधी बाजार की दुकानदारों ने बताया तेज धूप तथा लू की वजह से दुकानों में कम बिक्री हो गया है। प्रखंड के लोग तेज धूप तथा लू से बचने के लिए धर में ही रहना मुनासिब समझ रहे है। इसलिए खरौंधी बाजार में खरीदारी करने कम लोग पहुंच रहे है। इसका असर दुकानों पर भी पड़ा है। प्रखंड का तापमान पिछले कुछ दिनों से 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। जिससे प्रखंड में शरीर को जला देने वाली चिलचिलाती धूप के साथ भयंकर लू चल रहा है। बाजार पहुंचने वाले लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए पेयजल तथा कोल्डड्रिंक्स का सेवन कर रहे है। जिससे इन सामानों की बिक्री बढ़ गई है। इसके साथ ही खीरा, ककरी तथा तरबूज का भी बिक्री बढ़ गई है।

## मारपीट में घायल मजदूर को नहीं मिल पा रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

थाना क्षेत्र के मंगरदह के एक मारपीट में हुए घायल मजदूर इलाज के अभाव में तिल तिल कर मरने को मजबूर है। बताते चलें कि मंगरदह निवाशी रामचन्द्र भुइँया 45 वर्ष गांव के एक ठेकेदार कृष्णा भुइँया के साथ आंध्रा में एक माह पूर्व मजदूरी करने गया था। बीते एक सप्ताह पूर्व मंगरदह के ही बिनोद भुईंया के द्वारा बिना कोई विवाद के रामचन्द्र भुइँया को लोहे के हथौड़ा से दोनों कनपटी में वार कर घायल कर दिया। जिससे रामचन्द्र बुरी तरह घायल हो गया। मामला चूंकि आपसी था इसलिए बिना कोई विवाद व इलाज के अन्य गांव के मजदूरों के साथ रामचन्द्र



को उसी हालत में आंध्रा से ट्रेन से श्री बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर लोग छोड़कर फरार हो गए, गांव वालों को इसकी सूचना मिलने पर अनुमंडल अस्पताल में ही भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद गढवा रेफर किया गया था, जहा सिटी स्कैन के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया था, परंतु पैसे व जानकारी के अभाव में उसे अपने घर मंगरदह लाया गया है।

## खेल मैदान के शौचालय व चेंजिग रूम में घटिया ईंटों का इस्तेमाल

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

स्थानीय राजकीय बुनियादी विद्यालय के खेल के मैदान में पंचायत निधि मद से 4.83 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे खेल के मैदान और शौचालय तथा चेंजिंग रूम के निर्माण में संवेदक द्वारा पंचायत कर्मियों की मिलभगत से स्कूल परिसर में वर्षों पूर्व बनाये गये शौचालय की घटिया ईंटों को लगाया जा रहा है, जिससे योजना की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

आपको बता दें कि पंचायत निधि मद से से बुनियादी विद्यालय में बनने वाले खेल के मैदान और चेंजिंग रूम की आधारशिला प्रखंड प्रमुख शोभा देवी,जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा तथा मुखिया बेबी देवी द्वारा संयुक्त रूप से रखा गया था। जिसमें योजना के ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की नसीहत दी गई थी,बावजूद इसके संवेदक मनमानी करते हुए स्कूल परिसर में बने पुराने शौचालय की घटिया ईट का



प्रयोग कर योजना की गुणवत्ता प्रभावित करने में लगा हुआ है। इस कारनामे में संवेदक के साथ पंचायत के कर्मियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। अगर संवेदक की मनमानी जारी रही और योजना की गुणवत्ता के सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया तो योजना के क्रियान्वयन का कोई मतलब नहीं है। इस



संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बताया की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मुखिया बेबी देवी ने कहा कि मेरे जानकारी में नहीं है कि ठेकेदार योजना में काम लगाया है। अगर पुरानी ईंट लगाई जा रही है तो गंभीर मामला है। उन्होंने जांचोपरांत कारवाई करने की बात कही।





**अपराध** शादी का दबाव डालने वाले लोगों को पुलिस के हवाले किया गया

# वूमन ट्रैफिकिंग की शिकार होने से बची 2 लड़कियां

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

झारखंड में वूमन ट्रैफिकिंग का मामला तेजी से बढ़ रहा है। इस कुकृत्य में संलिप्त लोग गरीब व भोली भाली आदिवासी लड़कियों को सबसे अधिक शिकार बना रहे हैं। इसका ताजा मामला झारखंड के गढ़वा जिला से सामने आया है। यहां संदिग्ध लोगों द्वारा दो आदिवासी लड़कियों के साथ संदेहास्पद तरीके से शादी का दबाव डाले जाने का मामला देख लोगों ने संदिग्धों को पुलिस के हवाले किया है। लोगों की इसी सूझबूझ के कारण उक्त दोनों लड़कियां वूमन ट्रैफिकिंग की शिकार होने से बाल-बाल बच गयी।

जानकारी के मुताबिक कथित दलालों के द्वारा सोमवार की सुबह नगर ऊंटारी कचहरी पर बिना माता पिता व परिजन के छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से लाई गई दो आदिवासी लड़कियों को बहला-फुसला कर मध्य प्रदेश के ग्वालियर के युवक से शादी के लिये राजी



कराया जा रहा था। जिसकी भनक स्थानीय लोगों को लग गयी। उसके बाद यह खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग सिविल कचहरी पर जुट गये। लोगों के द्वारा पुलिस को भी इसकी खबर दी। उधर लोगों की भीड़ लगने एवं मामला बिगड़ता देख दलाल के कान खड़े हो गये और दोनों लड़कियों को दो युवकों के साथ कचहरी से बाहर भगा दिया। उधर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दलाल व शादी करने पहुंचे मध्य प्रदेश के युवक एवं उसके परिजनों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों लड़कियों को भी बरामद कर लिया गया।

उधर इसकी खबर मिलने पर भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता के अलावे विहिप व बजरंग दल के सदस्य कचहरी पर जुट गए। उनलोगों ने कहा कि दलालों द्वारा भोली-भाली आदिवासी दलित गरीब लड़कियों के बेचने और खरीदने का घिनौना खेल जारी है। पैसे लेकर लड़कियों को बेचना जघन्य अपराध है। उनलोगों पुलिस से पूरे मामले की जांच कर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ :** एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि अभी तक अनुसंधान में वूमन ट्रैफिकिंग का मामला सामने नहीं आया है। दोनों लड़कियां बालिग हैं। शादी के लिये दोनों लड़कियों ने खुद से हामी भरी हैं। फिलहाल दोनों लड़कियों के परिजनों को भी बुलाया गया है। जांच अभी जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## कोनमंडरा उप स्वास्थ्य केंद्र को अपना भवन नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड के कोनमंडरा उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन नहीं रहने से गांव से 10 किलोमीटर दूर चपरी पंचायत के मुसकैनी उप स्वास्थ्य केंद्र में इसका संचालन हो रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण रामदश उरांव, कमलेश दुबे, विनय दुबे, कौशल दुबे, सुनील राम, उमेश राम, दिरगज राम, रामकिशुन राम, भोला सिंह, भरदुल सिंह, विवेकानंद दुबे सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कोनमंडरा गांव में कोई भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने से यहां के लोगों को 15 किलोमीटर दूर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। अगर भवन निर्माण हो जाता हो हमलोग को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो जाती। समाजसेवी सह झामुमो नेता शशि दुबे ने कहा कि फरवरी 2021 में ही भवन विभाग द्वारा कोनमंडरा उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण के लिए टेंडर निकाला गया था लेकिन सीएस के द्वारा भवन विभाग को लिख कर दिया गया कि कोनमंडरा में नया भवन है, वहां के भवन को केतार प्रखंड की परती पंचायत में बनाया जाए, जहां भवन निर्माण कार्य जारी है। इसको लेकर जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपायुक्त को लिखित आवेदन दिए हैं, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता प्रेमलाल सिंह ने कहा कि सी एस द्वारा लिख कर देने के बाद कोनमंडरा का उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण परती में कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के फंड में पैसा है अगर सीएस लिख कर देंगे तो वहां भी भवन बन जाएगा। सीएस अनील सिंह ने कहा कि कोनमंडरा में 15वें वित्त आयोग से योजना ले ली गई है।

# वाहन की चपेट में आने से बालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगुरु ग्राम निवासी अशोक साव के पांच वर्षीय पुत्र हेमांशु कुमार की मैजिक वाहन की चपेट में आने से शनिवार शाम को मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अशोक साव परिवार का जीवन यापन के लिए मुर्गी पालने का काम करते हैं।

गांव के ही मैजिक वाहन से मुर्गी को खिलाने के लिए चारा मंगवाए थे। चारा उतार कर मैजिक वापस निकल रहा था तभी पीछे का पहिया बच्चे पर चढ़ गया। आनन-फानन में परिजनों ने हिमांशु को सीएचसी बालूमाथ ले गए लेकिन चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए हादसे के बाद परिजनों में मातम पसर गया। चीख चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।



मृतक बच्चे का शव बारियातु पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। ज्ञात हो की अशोक साव का तीन पुत्री के बाद मात्र एक ही पुत्र था।

## वाहन की चपेट में आने से 4 वर्ष का बच्चा घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ में कमलेश सिंह के आवास में चल रहे सीएससी सेंटर के समीप अज्ञात पिकअप के धक्के से भीम कुमार नाम का करीब चार साल का बच्चा हुआ गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भीम कुमार अपने पिता श्याम किशोर राम हेहेगड़ा निवासी के साथ सोमवार को प्रज्ञा केंद्र में पैसा निकासी को लेकर आया था। इसी बीच मुख्य सड़क से गुजर रहे एक सवारी पिकअप ने उस बच्चे को धक्का मारकर वहां से भाग निकला। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद मौके



पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। वहीं बरवाडी पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से धक्का मारने वाले वाहन की पहचान कर जल्द जब्त किया जाएगा।

## 'पोशाक व छात्रवृत्ति से ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें'

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्यवयन समेत शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने ई विद्यावाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक व छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि पोशाक व छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

# घर में घुसकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड के पंचायत परहाटोली के अंतर्गत शाहपुर ग्राम के सुबोध खलखो (35) द्वारा ग्राम कुरोकला में अपने रिश्तेदार के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही नेतरहाट थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की (अंडर 16) के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर लड़की परिजनों के साथ सोमवार को महुआडांड़ थाने में केस दर्ज करने पहुंची। वहीं महुआडांड़ पुलिस द्वारा आरोपी सुबोध खलखो को गिरफ्तार करके थाना लाया गया।

दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग लड़की अपने रिश्तेदार के घर पर रहकर पढ़ाई करती थी। एक रिश्तेदार ने बताया कि नाबालिग लड़की

### पीड़िता अपने रिश्तेदार के घर पर रहकर पढ़ाई करती है, आरोपी ने कहा हम एक दूसरे के संपर्क में थे

नेतरहाट थाना क्षेत्र के चोकिपोखर, होरेंग की रहने वाली है। हमलोग उसे घर पर रखकर पढ़ाई करा रहे थे, इस वर्ष मैट्रिक फर्स्ट डिवीजन से पास हुई है लेकिन इस घटना के बाद डिप्रेशन में है। 29 मई को घर के बगल में लोटा बहुरत (मंगनी) का कार्यक्रम चल रहा था। उसी रात को हमलोग घर में नहीं थे। लड़की अकेली थी, जहां सुबोध खलखो मौका पाकर घर में घुसा और कमरे में सोई हुई लड़की का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, फिर धमकी दी कि किसी को नहीं बताये नहीं तो जान से मार देंगे। दूसरे दिन लड़की की तबीयत खराब हुई तो उसे इलाज के लिए महुआडांड़ लाया तो पता चला। पूछने पर उसने पूरी घटना हमें बताई। यह भी बताया कि आरोपी पहले से छेड़खानी करता रहता था। हम लोगों द्वारा जब इसकी खबर शाहपुर में उसके घर जा कर दी तो गांव के लोगों द्वारा बैठक कर मामले को रफा-दफा किया जा रहा था, जहां हम लोगों द्वारा महुआडांड़ थाना में लड़की द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में आरोपी सुबोध खलखो ने बैठक में पंच के सामने बताया कि हम दोनों बहुत दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे। मर्जी से संबंध बनाये। हमलोगों की फोन पर बात होती थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने ली लायंस क्लब की सदस्यता

**चतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड (क्लब संख्या 149615) के प्रेसिडेंट लायन दीपक कुमार द्वारा जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी को उनके कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में लायंस क्लब इंटरनेशनल से भेजे गए क्लब की सदस्यता का औपचारिक प्रमाण पत्र व पिन प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्लब के उपाध्यक्ष डॉ. हर्षदेव गुप्ता, एडमिन रेणु रीना, ट्रेजरर विकास कुमार स्नेही, सर्विस चेयरपर्सन माधवी गुप्ता, चंद्रशेखर लाल गुप्ता, विजया लक्ष्मी गुप्ता सहित कान्हाचट्टी प्रमुख इंदु देवी मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### 8वीं बोर्ड परीक्षा में रहा शत-प्रतिशत परिणाम

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु मंदिर के सभी बच्चे जैक द्वारा आयोजित 8वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त किये हैं। कुल 28 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें 6 बच्चे सभी विषयों में अ+ प्राप्त किये, 15 बच्चे चार विषयों में अ+ तथा 7 बच्चे तीन विषयों में अ+ प्राप्त किये हैं। सभी विषयों में अ+ प्राप्त करने वाले बच्चों में प्रियांशु कुमार, छोटी कुमारी, उमाशंकर कुमार, रिशु कुमार, मिकलेश यादव और सत्यम कुमार शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य अवनिकांत पाठक, आचार्य दीपक कुमार, निहारिका मिश्रा, अनिता देवी, रामदर्शन तिवारी, रति गंझू आदि ने सफल बच्चों को बधाई दी है।

### बीज का वितरण

**बालूमाथ।** सिजेंटा इंडिया प्रा. लि. धान मक्का बीज कंपनी द्वारा प्रखंड के बालूमाथ में प्रमुख किसानों के बीच किसान गोष्ठी एवं डेमो ट्रायल हेतु बिज वितरण का आयोजन किया गया। इसमें बालूमाथ, बारियातु एवं हेरहंज ब्लॉक के लगभग 80 किसानों को कंपनी की ओर से डेमो ट्रायल के लिए धान एस 4003 और मक्का एनके 7328 बीज वितरण किया गया। सेल्स ऑफिसर गौरव सिंह ने कहा कि एस 4003 धान दो नंबर जमीन में अधिक उपज देने वाला धान है।

## सप्ताह बाद ही 11 हजार वोल्ट का कवरयुक्त तार जल गया था

# ट्रांसफार्मर लगने के बावजूद बिना बिजली के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिले के नवनिर्मित प्रखंड सरजू अंतर्गत ग्राम डोरम में 200 घरों में लगभग 650 परिवार निवास करते हैं। इस गांव में करीब 3 वर्ष पहले हर घर बिजली योजना के तहत प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगा कर बिजली की सेवा बहाल की गई थी। बिजली बहाल होने के एक सप्ताह बाद ही 11 हजार वोल्ट का कवरयुक्त तार जल गया है, जो आज तक खराब है। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को कई बार आवेदन देकर इसकी जानकारी दी गई है, परंतु आज तक किसी भी पदाधिकारी के द्वारा इसकी सुध नहीं ली गई है। बिजली गुल है परंतु अभी भी विभाग के द्वारा बिल भेजा जाता है।



ग्रामीण पाड़ों सिंह, दिपु सिंह, प्रदीप सिंह, सुरेश सिंह, रामकुमार सिंह, राजदेव सिंह, रामबकत सिंह समेत अन्य स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि सन 2020 में इस गांव के प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगाया है। कनेक्शन लगने के उपरांत बिजली बहाल किया था, परंतु करीब एक सप्ताह बाद ही 11 हजार का तार जल जाने के कारण इस गांव में बिजली की सेवा आज तक ठप है। हमलोगों के द्वारा कई बार आवेदन के माध्यम से इसकी जानकारी विभाग के पदाधिकारियों को दी गई है, परंतु अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। बिजली नहीं होने से हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौनिहाल बच्चों को पढ़ाई-लिखाई करने में काफी परेशानी हो रही है। मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए दूसरे गांव का सहारा लेना पड़ता है। विभाग के द्वारा कई बार बिजली का बिल भी भेजा गया था, लेकिन हमलोगों के द्वारा बिल जमा करने से साफ मना कर दिया गया है। जब बिजली ही नहीं है तो, बिल क्यों जमा करें। यदि विभाग के द्वारा जल्द से जल्द बिजली बहाल नहीं की गई तो हमलोगों द्वारा अपने घरों से बिजली मीटर खोल कर बिजली विभाग को सौंप दिया जायेगा।

## चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो जागरूकता रथ को डीसी ने दिखाई झंडी

**चतरा।** सोमवार को उपायुक्त अबु इमरान ने स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत 05 से 12 जून तक चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो राज्य स्तरीय अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पंचायती राज विभाग के सयुंक्त प्रयास से 12 जून 2023 तक माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अभियान चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो का आयोजन किया गया है। अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता सम्बंधित चुनौतियों यथा उचित स्वच्छता, स्वस्थ व्यवहार, अनुकूल शौचालय, सुरक्षित वातावरण आदि के बारे में जन जागरूकता हेतु माहवारी स्वच्छता जागरूकता रथ गांव-गांव पहुंच कर लोगों को जागरुक करेगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अविक अंबाला, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत अन्य सम्बंधित मौजूद थे।



# 'पढ़ाई, दवाई व न्याय आम आदमी की पहुंच से दूर'



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिला अध्यक्ष अमित पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को हजारों की संख्या में बाजार टांड से लेकर समाहरणालय परिसर तक हल्ला बोल रैली निकाली गयी और यह रैली तीन दिवसीय धरना के रूप में तब्दील हो गई। हल्ला बोल रैली का मुख्य उद्देश अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ थी। पांडेय ने कहा कि पढ़ाई, दवाई और न्याय आम आदमी की पहुंच से दूर हो गया है। लोग अंचल से त्रस्त हो गए हैं। हमारी दो मांग जिला के उपायुक्त से हैं। पहला अंचलाधिकारी के खिलाफ ईडी को लिखे ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये तथा जितने भी जमीन के फर्जी कागजात के मामले हैं उनकी फोरेंसिक जांच करवाई जाए। केंद्रीय सचिव ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ऐसे पदाधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए। श्रवण पासवान ने कहा कि हमें धमकी दी जाती है कि आंदोलन करोगे तो फर्जी केस में फसा देंगे। आजसू पार्टी आंदोलन से जन्मी हुई पार्टी है। आजसू के कार्यकर्ता लाठी, गोली, केस, जेल से नहीं डरते है। धरने के प्रथम दिन केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, जिला सचिव बिरेंद्र ठाकुर, जिला प्रवक्ता नितेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान कुंदन जयसवाल, राजा दुबे, संकर उरांव, अमर उरांव ने अपनी बातें रखी। मौके पर राहुल मिश्र अभिषेक कुमार ताज मोहम्मद, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, रीमा देवी, कुंदन तिवारी, सोनू राम, विकाश कुमार, जैनुल अहमद, कुलदीप तिर्की, अनिल पासवान, नंदकिसोर यादव, नब्बू भुइया, ईश्वर दयाल सिंह, जगु सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ओडिशा में होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेलेगी बरवाडीह की बेटी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** ओडिशा में 9 जून से होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में लातेहार जिला के लिए कबड्डी प्रतियोगिता में एकमात्र चयनित प्रखंड के प्रतिभागी पूनम कुमारी भाग लेगी। चयनित खिलाड़ी को सोमवार को बीडीओ ने रवाना किया। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हॉकी, खो-खो, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। झारखंड से कबड्डी टीम के लिए जिले के प्रखंड के कुचिला ग्राम से पूनम कुमारी, पिता रामप्रवेश



सिंह का चयन किया गया। पूनम कुमारी को सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित सादे समारोह में कबड्डी के जिला स्तरीय कोच अशफाक अहमद मुन्ना के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बरवाडीह से विदा किया। पूनम कुमारी कोच के साथ रांची से ओडिशा के लिए रवाना होंगे। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, पूर्व राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी नेहा कुमारी, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बिजली विभाग की लापरवाही से महिला घायल, रिम्स रेफर

**बारियातु।** बिजली विभाग की लापरवाही के कारण थाना क्षेत्र के इटके ग्राम स्थित बड़काटोला में साग तोड़ने के क्रम में बिजली करेंट की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। ललिता टोप्पो (30) पति दिनेश उरांव ग्राम इटके बड़काटोला निवासी कोनार के पेड़ में चढ़कर साग तोड़ रही थी। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजरे ग्यारह हजार विद्युत तार से अचानक बिजली प्रवाहित हुई जिसकी चपेट में आने से टोप्पो झटके से गिर पड़ी और अचेत हो गई। महिला को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर दिया गया।

# पर्यावरण दिवस पर निकाली गई रैली

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

झालसा के तत्वाधान में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को सचिव प्रज्ञा बाजपेई द्वारा वन विभाग के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। डीएलएसए सचिव और उत्तरी वन प्रमंडल एवं दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में अयोजित पर्यावरण जागरूकता रैली चतरा केसरी चौक से वन प्रमंडल कार्यालय तक अब चिडियां बोलेगी डाली-डाली चारो तरफ फैलेगी हरियाली, प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ नारे के साथ निकाली गई। इस दौरान वन प्रमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सचिव श्रीमति बाजपेई, डीएफओ उत्तरी राहुल मीणा व डीएफओ दक्षिणी सबा आलम अंसारी द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं सचिव व अधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उसका सरंक्षण कर पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाएं। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों व वन अधिकारिओं को पर्यावरण संरक्षण



से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलवी सुजीत पाठक व प्रभु यादव ने भूमिका निभाई।

## परंपरा | पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव में 173 बच्चों को मिला दृढ़ीकरण संस्कार

# हम डरपोक नहीं साहसी बनें : बिशप थियोडोर

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

पवित्र परिवार पल्ली गोठगांव में 173 बच्चों को दृढ़ीकरण संस्कार दिया गया। पवित्र पल्ली गोठगांव में यह संस्कार को दिया गया। पवित्र समारोह शुरू होने के पूर्व पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर विजय टोप्पो ने माननीय विशप थियोडोर का गर्म जोशी से स्वागत किया। फादर विजय ने कहा कि बिशप थियोडोर जमीनी तौर से हम सबों से जुड़े हुए हैं। हम सभों के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं। बिशप कठिन मेहनत और सेवा में समर्पित है। उनके पास सभों के लिए प्यार है। इस समारोही मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता विशप थियोडोर मसकरेन्हस रहे। उन्होंने अपने उपदेश में पेंटेकोस्ट के मर्म को समझते हुए कहा कि जब प्रभू येसु के शिष्य गण डर कर छुप तो पवित्र आत्मा उनपर उतर कर उन साथ रहने



लगी जिससे सभी का भय चला गया। वे निडर होकर सचाई की गवाही देते हैं। उसी प्रकार इस दृढ़ीकरण संस्कार में प्रभु येसु अपनी आत्मा को देता है, एंव हम सब पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो जाते हैं।अब हम हरेक जन का यह कर्तव्य है कि हम सब सत्य के साक्षी बने। जहां अन्याय है वहां न्याय की बातें करें। हम सभों को बुराई नही अपीतु अच्छाई की राहों में चलना है। विशप स्वामी ने सभी बच्चों को अपनी भविष्य को उजवल और सफल बनाने की सुछाव दी। सभों से आग्रह किया की सभी प्रभु के प्रेम संचालित हों और परिपक्व बने। बिशप थियोडोर ने सभी माता-पिताओं से बच्चों की अच्छी पढ़ाई लिखाई तथा उनकी भविष्य को सफल बनाने तक सहायता करने की गुहार की है। मिस्सा समारोह सम्पन होने के तत्पश्चात विशप स्वामी के साथ नए जीवन पाए सभी बच्चों के साथ फोटो सेशन हुआ और तुरंत ही बच्चों द्वारा विशप स्वामी का स्वागत किया गया। एवम फादर विजय टोप्पो की विदाई की गई। फादर विजय टोप्पो अपनी डॉक्टरेट की पढ़ाई हेतु रोम जा रहे हैं। रोम से वे कैनन लॉ में डॉक्टरेट की पढ़ाई करेंगे इसके लिए उन्हें शुभ कामनाएं दी गई। साथ ही नए पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस टोप्पो का नए पल्ली पुरोहित के रूप मे स्वागत किया गया। इस मौके पर विशप थियोडोर मसकरेन्हस के साथ पवित्र परिवार पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर मोरिस टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित सहित अन्य फादर उपस्थित थे। साथ में होलीक्रॉस के धर्म बहने तथा अन्य संस्था के धर्म बहने, डाल्टनगंज धर्मप्रांत के धर्म बंधु गण और हजारों की तादात में ख्रीस्त बिश्वासी उपस्थित थे।

# युवा राष्ट्रीय जनता दल की हुई बैठक में संपूर्ण क्रांति दिवस पर डाला गया प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय मनिका में संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्व प्रथम ओडिशा के बालासोर में रेल आदसे और मनिका प्रखंड के पत्रकार कौशल किशोर पांडे के निधन पर एक मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं बैठक में उपस्थित जिला सचिव दामोदर यादव ने संपूर्ण क्रांति दिवस पर विशेष रूप से युवाओं पर प्रकाश डाला। प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव ने भी संपूर्ण क्रांति दिवस पर आयोजित युवा कमेटी को बधाई दी। युवा राजद प्रखंड कमेटी के सदस्य सचिन तिवारी ने पर्यावरण दिवस पर उपस्थित युवाओं को सकल्प दिलाया कि हमें पौधे लगाने हैं और कट रहे पेड़ों को बचाना है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरी ने भी



अपने विचार व्यक्त किए। वहीं युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव ने संपूर्ण क्रांति दिवस पर प्रकाश डाला। मौके पर शंभू यादव, पंकज सिंह, दिनेश सिंह, मंतोष यादव, शंकर यादव, शिव चंद्र यादव, संजय यादव, कामेश्वर यादव, शिवानंद यादव, गोविंद सिंह, मुन्नी देवी, सुरेश यादव, प्रवीण उरांव विश्वनाथ राम, जगदीश सिंह, दिलीप यादव, सचिन तिवारी, बैध भुइयां रमेश मोची, शंभू राम, अफरोज अंसारी, समेत सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

**शादी में शामिल हुए राजद कार्यकर्ता : बालूमाथ।** राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के छोटे पुत्र के विवाह समारोह में सुरेश राम सहित कई कार्यकर्ता शामिल होकर बधाई दी। इसमें जिला अध्यक्ष राम प्रवेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, प्रदेश सचिव व्यास प्रसाद यादव, जिला सचिव वीरेंद्र यादव, जिला महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, संतोष यादव शामिल रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लोहरदगा जिले में अनेक कार्यक्रम हुए, उपायुक्त, डीएफओ समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

# 'पर्यावरण की रक्षा करते हुए अपना कार्य करना चाहिए'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** विश्व पर्यावरण दिवस-2023 के मौके पर मेरी लाइफ-लाइफ स्टाइल फॉर इनवायरोमेंट अभियान अंतर्गत आज सोमवार को समाहरणालय परिसर, कोर्ट परिसर, बीएस कॉलेज परिसर, सिठियो स्थित विद्यालय परिसर और न्यु पुलिस लाईन परिसर में पौधरोपण किया गया। समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में पौधरोपण उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। वन विभाग के सौजन्य से उपरोक्त पांच स्थानों पर कटहल, सरीफा, अशोक, महोगनी, आंवला, करंज, शीशम आदि पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि हमलोगों का जीवन पर्यावरण से ही जुड़ा हुआ है। शहरों में रहते हुए हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि जीवन जीने के लिए स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छ भोजन की आवश्यकता को ये पेड़-पौधे ही पूर्ति करते हैं। हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करते हुए ही अपना कार्य करना चाहिए। मिशन लाईफ अंतर्गत कई कार्यक्रम पर्यावरण की रक्षा के लिए किया जा रहा है जिसमें पौधरोपण भी है। पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण के लिए हम सभी को एक साथ आगे आना होगा ताकि आनेवाले करोड़ों वर्षों तक भी मनुष्य व जीव-जंतुओं के लिए शुद्ध हवा, पानी व भोजन उपलब्ध रहे।







### जीवन अनुकूल बनाएं

वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि मिशन लाईफ अंतर्गत मेरी लाईफ अभियान को भी जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत उर्जा की बचत, जल संरक्षण, प्रदूषण रोकने समेत कई बिंदुओं को जोड़ा गया है, जिसमें सभी लोगों को इसका पालन करना है। आप अपनी जीवनशैली सुधारें और पर्यावरण की रक्षा में योगदान दें। मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व समाहरणालय कर्मी, वन प्रमण्डल लोहरदगा के कर्मीगण उपस्थित थे।

## पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के सौजन्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ सिविल कोर्ट परिसर स्थित कोर्ट कैम्पस में वन प्रमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा के सहयोग आम, कटहल, महोगनी, अशोक, आंवला के विभिन्न प्रजातियों के पेड़ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल, जिला जज अखिलेश तिवारी, अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, चंदन, न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, राज कल्याण, सुचिता निधि तिग्गा ने लगाया। इस




अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार पूरे टीम के साथ उपस्थित रहे।
इसके साथ ही लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न पीएलबी ने पर्यावरण दिवस को लेकर लोगों को जागरूक किया। अनावश्यक रूप से प्रदूषण फैलाने के प्रति लोगों को सचेत त करते हुए यह भी बताया गया कि प्लास्टिक के जगह कपड़े का थैली का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा लोग करें।

## 'पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी'

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में विद्यालय परिवार एवं साइंस फॉर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पौधरोपण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, कंपोस्ट निर्माण, प्लास्टिक के कुप्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इस संदर्भ में छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ साइंस फॉर सोसाइटी एवं आई एम ए के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद के द्वारा परिसर में अपराजिता का पौधा रोपण कर किया गया। इस अवसर पर डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अनिवार्य है। पेड़ पौधे पर्यावरण को संतुलन बनाये रखते हैं। संतुलन बिगड़ने के कारण पर्यावरणीय चुनौतियां हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, कमजोर, दुर्बल, गर्भवती महिलाएं एवं छोटे बच्चे इसके दुष्प्रभाव के शिकार हो रहे हैं। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण



कार्बन का उत्सर्जन अधिक हो रहा है फलस्वरूप पर्यावरण तेजी से प्रदूषित हो रहा है और प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, श्वसन रोग, हृदय रोग एवं फेफड़े के कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कार्यक्रम में साइंस फॉर सोसायटी एवं जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सह समाजसेवी संजय बर्मन, एम एल ए कॉलेज के प्राचार्य प्रो स्नेह कुमार, साइंस फॉर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकरणी सदस्य आलोक कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम, विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, नेमहन्ति मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, माता समिति सदस्य पुष्पा देवी, सुमन देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## वन विभाग ने कई जगहों पर लगाये विभिन्न पौधे




**लोहरदगा।** पर्यावरण दिवस के निमित वन प्रमंडल लोहरदगा के तत्वाधान में समाहरणालय लोहरदगा परिसर ,व्यवहार न्यायालय लोहरदगा,पुलिस लाइन बक्शीड़िप्पा, बीएस कॉलेज परिसर ,सिथियो गवर्नमेंट हाई स्कूल में लगभग 125 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में लोहरदगा वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार द्वारा लोहरदगा की आम जनता से अपील किया गया कि पर्यावरण से संरक्षण में सभी अपना योगदान दें। सभी व्यक्ति अपने आम जीवन में भी मिशन लाइफ के तहत जल ,ऊर्जा,प्राकृतिक संसाधनो का संरक्षण आदि में भी अपना योगदान देकर पर्यावरण को सुरक्षिति करें। वन प्रमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सभी जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। वन विभाग की तरफ से वनपाल लोहरदगा जया उरांव ,वनरक्षी राजेन्द्र उरांव,रवि विमल मिंज किशोर नंद कुमार, महाबीर उराँव, नवीन कुमार, नवनीत कुमार, सरिताखाख, अनिता लकड़ा, शुभम कुमारी एवं होमगार्ड के जवान और चालक मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** 158 बटालियन सी.आर.पी.एफ. द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोहरदगा, झारखण्ड स्थित बटालियन मुख्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से, अपने व अपने परिवार, मित्रों और अन्य लोगों के दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने हेतु पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रयासरत रहने की प्रतिज्ञा ली गई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, 158 बटालियन सी.आर.पी.एफ. द्वारा लोहरदगा /गुमला क्षेत्र में 7000 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम



में 158 बटा0 सी.आर.पी.एफ. के राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट, प्रदीप कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. रंजीत कुमार (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), अनिल कुमार वर्मा, उप कमाण्डेन्ट, एवं के.रि. पु. बल के अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## 'प्रत्येक व्यक्ति 1 पौधा लगा कर पर्यावरण की रक्षा करें'

**लोहरदगा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर लोहरदगा स्थित स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में दैनिक योग कक्षा के उपरांत पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती, पतंजलि के राज्य कार्यकरिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह एवं वनवासी कल्याण आश्रम के वरीय पदाधिकारी कृपा प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से औषधीय पौधों का पौधरोपण किया, जिसमें नीम, लाजवंती, सदाबहार एवं कनेर फुल का पौधा लगाया है। मौके पर कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि आज के दिन प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाएं एवं पर्यावरण की रक्षा करें। वनस्पति का पौधा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनो कार्य करेगा। प्रण करें कि 2023 में कोई बड़ा पेड़ न काटेंगे न ही काटने देंगे। प्रवीण भारती एवं शिव शंकर सिंह ने सभी व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष एक एक पौधे प्रत्येक वर्ष लगाने की बात कही।



## राज्यपाल राधाकृष्णन आज आएंगे लोहरदगा

**लोहरदगा।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के लोहरदगा भ्रमण को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा राज्यपाल, झारखंड के 06 जून को लोहरदगा भ्रमण कार्यक्रम संबंधी विभिन्न दायित्वों का प्रभार पदाधिकारियों को दिया गया। भ्रमण में राज्यपाल का भ्रमण सदर प्रखण्ड के भक्सो और रामपुर में होना है।

## 'हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचारी मालामाल'

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान के तहत विकास तीर्थ कार्यक्रम में पहुचे राज्यसभा सांसद, मुख्य सचेतक व भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने महागठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। हेमंत सरकार के साढ़े तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं जनता बदहाल है और यहां भ्रष्टाचारी मालामाल है। आज लगातार यहां के अफसर जेल जा रहे हैं। झारखंड एक ऐसा पहला राज्य बना जहां का मुख्यमंत्री खुद अपने कलम से अपने पत्नी और भाई के नाम खनन



पट्टा को स्वीकृत करता है। यहां कुल सरकारी रिकॉर्ड में 5000 से ऊपर हत्याएं बलात्कार जैसी घटनाएं हुई हैं। जिसमें अधिकतर जनजातीय समाज से आते हैं। बेटियां असुरक्षित है आए दिन कई घटनाएं लगभग सभी प्रखंडों में दिखाई दे रहे हैं ।राज्य में लव जिहाद को संरक्षण और समर्थन से कई घटनाएं राज्य के अंदर में हुई है। केंद्र सरकार की योजनाओं को अवरुद्ध किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष के मामला को अनावश्यक कारणों से रोक रखा है।

## पहल | भाजपा ने किया विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन

# 'एकलव्य विद्यालय में मिलता है समग्र ज्ञान'

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो** भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन सढ़ाबे डुमरटोली स्थित नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय के समीप किया गया। कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि विकास तीर्थ कार्यक्रम विगत 9 वर्षों में हुए जणकल्याणकारी विकास कार्यों को पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे। प्रधानमंत्री ने बता दिया कि एक गरीब का बेटा भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। आज गरीबी को प्रधानमंत्री बाखूबी जानते हैं। शिक्षा की जरूरत एक आम व्यक्ति के लिए कितनी आवश्यक है इसे लेकर हम सभी जानते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात को प्राथमिकता से लिया। सुदूरवर्ती



इलाकों में भी शिक्षा के क्षेत्र में एकलव्य मॉडल स्कूल का स्थापना प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया। जहां शिक्षा के साथ-साथ मानसिक शारीरिक एवं बौद्धिक ज्ञान के लिए उत्तम प्रबंध किए गए हैं। कैंपस सारी सुविधा युक्त होगी और इसी से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। मौके पर लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि विकास तीर्थ कार्यक्रम को गांव में इसलिए आयोजित की गई है जिससे कि पता चल सके कि केंद्र सरकार किस प्रकार सूदूर गांव में भी योजनाओं को पहुचाकर विशेष रूप से जनजातीय समाज के लिए कार्य किया उसका उदाहरण आज लोकसभा क्षेत्र के प्रखंडों में एकलव्य मॉडल विद्यालय है। यह जनजातीय मंत्रालय से कार्य हैं और इस मंत्रालय का गठन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया ।माह जनसपंर्क अभियान क्लस्टर प्रभारी सह प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि जनसंपर्क अभियान हमारे लिए एक संकल्प के रूप में हैं ।हमे अपनी उपलब्धि को बताने का समय आ गया है ।इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव विकास तीर्थ के जिला संयोजक पशुपतिनाथ पारस,जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक राजकिशोर महतो,ब्रज विहारी प्रसाद,जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रखंड लखन उरांव, विशेश्वर प्रसाद दिन, मोहन साहू, पुर्व अध्यक्ष कैलाश महतो, बजरंग उरांव, मनोज साहू, राजेश सोनी, लाखो उरांव, चिखु पहांन, नसीर आलम आदि उपस्थित थे।

## बिजली ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन

**सेन्हा।** सेन्हा पंचायत ग्राम के मुस्लिम मूहल्ला में विगत एक सप्ताह पूर्व बिजली ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसको लेकर ग्रामीणों व स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी के पहल से वित्तमंत्री रामेश्वर उराँव से ट्रांसफार्मर लगाने गुहार लगाते हुए बिजली समस्या से अवगत कराया गया था। ग्रामीणों की बिजली समस्या से अवगत होते ही वितमंत्री के पहल से नया ट्रांसफार्मर सेन्हा मुस्लिम मूहल्ला के समीप भदय बथान में लगया गया। इसका उद्घाटन मुखिया धनवाज उरांव, बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी, फिरोज अख्तर, रुस्तम अंसारी सफीक अंसारी सहित किसान वर्ग के लोगों संयुक्त रूप से किया।



## सम्मान समारोह में 80 छात्र-छात्राएं सम्मानित

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव में सोमवार बाजार बगीचा में मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी की अध्यक्षता में मार्गदर्शक एजुकेशन, रांची झारखंड के बैनर तले प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मार्गदर्शक एजुकेशन, आरजीसी कोडरमा कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग के निदेशक आलोक कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश लाल, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव व मालती कच्छप, विहिप के स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, समाजसेवी किशोरी मोहन शर्मा, संजय खत्री, रवि साहू शामिल हुए। मौके पर इंटरमीडिएट 12वीं आर्ट्स में 91. 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में 10वां स्थान प्राप्त करने वाली मसमानो गांव की खुशबू कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं मॉडलिंग के क्षेत्र में मिस्टर एशिया के रनर अप रहे रवि गोप व इंस्पायर आवार्ड विजेता किरण कुमारी को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावे मसमानो पंचायत अंतर्गत आने वाले मसमानो, बेदाल, बुड़का व टोटो गांव के रहने वाले 10वीं एवं 12वीं के कुल 80 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि जीवन में शिक्षा सर्वोपरी है, शिक्षा है तो कल है।



# जवाबदेही-जिम्मेदारी तय हो

**बीते** 30 सालों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा, त्रासद रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। ओडिशा के बालासोर जिले की रेल दुर्घटना अपनी किस्म की अभूतपूर्व त्रासदी है। वैसे यह तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाड़ियों की टक्कर अभूतपूर्व और अकल्पनीय है। रेल आम आदमी का आसान और सुरक्षित सफर माना जाता रहा है। दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। लाखों यात्री हररोज रेल के जरिए ही आवागमन करते हैं। देश का रेल रूट 68,103 किलोमीटर लंबा है। हम विश्वस्तरीय रेलवे हैं। बालासोर हादसे में 288 मौतें हो चुकी हैं और 1116 लोग घायल हैं। अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। करीब 56-58 यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, लिहाजा मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडि?ों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया। यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर 'एंटी कोलिजन डिवाइस' का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के 'सुरक्षा कवच' पर सवाल कर रहे हैं। दरअसल यह 'कवच' 2020 में लागू किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'कवच' का परीक्षण और प्रयोग देखा था, तो खूब तालियां बजाई थीं और 'कवच' को संचालित करने वालों की पीठ थपथपाई थी। दरअसल इस 'कवच' की हकीकत यह है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 1455 किलोमीटर रूट ही 'कवच' से कवर किया जा सका था। यानी 95 फीसदी से ज्यादा रेल रूट 'कवचहीन' है। देश में 13,215 रेल इंजन हैं। इनमें से सिर्फ 65 में ही 'कवच' की व्यवस्था है। रेल के 19 जोन में से 18 में एक भी 'कवच' सिस्टम नहीं है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि 'कवच' होता, तो दूरंतो का इंजन 400 किमी पहले ही रुक जाता। रेल मंत्री के स्तर पर खूब दावे किए गए थे कि दो ट्रेन की संभावित टक्कर को यह 'कवच' रोक सकता है, क्योंकि इसकी प्रौद्योगिकी दुर्घटना को भांप लेती है और ट्रेन में स्वचालित ब्रेक लग जाते हैं। बहरहाल यह राजनीति और दोषारोपण का समय नहीं है। घोर त्रासद हादसा हुआ है।

जो जिंदा हैं, उनका बेहतर इलाज किया जाए। यदि सरकार उन्हें कुछ मुआवजा देती है, तो कमोबेश भारत सरकार के खजाने से 'बूंद भर' राशि ही निकलेगी। कितनों को संबल मिलेगा और नए सिरे से सक्रिय होने का साहस भी मिलेगा, यह अनुभव प्रधानमंत्री मोदी को है। हादसों के बाद रेल मंत्रियों ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफे दिए हैं, लेकिन यह कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मंत्री के इस्तीफे से त्रासदी की भरपाई नहीं की जा सकती। बेहतर होगा कि उच्चस्तरीय समिति और रेल सेफ्टी कमिश्नर की अलग-अलग जांच रपटें यथाशीघ्र सामने आ जाएं, ताकि जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जा सके।

> **बीते 30 सालों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। ओडिशा रेल हादसा वैसे तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाड़ियों की टक्कर अभूतपूर्व व अकल्पनीय है।**

# क्यों बढ़ रही है स्कूल बीच में छोड़ने की प्रवृत्ति


ललित गर्ग


Mohammad Shahnawaz/Shutterstock.com

**भारत** में स्कूली शिक्षा में छात्र-छात्रों के ड्रॉपआउट्स की संख्या बढ़ना न केवल शिक्षा-व्यवस्था पर बल्कि स्कूल-प्रबंधकों पर एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है। स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या आठ करोड़ से भी ज्यादा है, जो यह बताने के पर्याप्त है कि स्थिति काफी गंभीर है। अब एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सन् 2022 की बोर्ड परीक्षाओं के विश्लेषण में बताया गया है कि दसवीं और बारहवीं के स्तर पर देश में लाखों बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इसी तरह, पिछले साल बारहवीं के बाद 2.34 लाख विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से सतहत्तर फीसद ग्यारह राज्यों से थे। यानी करीब अट्ठावन लाख विद्यार्थी दसवीं और बारहवीं में पढ़ाई छोड़ देते हैं तो यह किसी भी सरकार के लिए बेहद चिंता की बात होनी चाहिए और यह समग्र शिक्षा व्यवस्था से लेकर सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के जमीनी स्तर पर अमल पर सवालिया निशान है। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरूआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में एक निरंतरता हो। अगर किसी वजह से आगे की पढ़ाई करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हो तो उसे दूर करने के उपाय किये जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल-कॉलेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और उनकी आगे की पढ़ाई को पूरा कराने के लिए सरकार की ओर से ठोस उपाय नहीं किए जाते। इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना बहुत मुश्किल होता है, कोई परिवार हिम्मत करके निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाते भी है जो आर्थिक मजबूरी के कारण उन्हें बीच में बच्चों को स्कूल से निकाल लेने को विवश होता पड़ता है। हम और आप अपनी असल जिंदगी में रोजाना ऐसे बच्चों से मिलते होंगे जो स्कूल से बाहर होटलों में काम करते हुए, जानवरों को चराते हुए या फिर परिवार के साथ शहरों में काम करते हुए दिखाई देते हैं। वहीं बहुत से बच्चे गाँव और गली मोहल्लों में दिनभर घूमते रहते हैं, या फिर परिवार के साथ खेतों पर काम करने जाते हैं, या फिर बाजार में सब्जी बेचने या फिर जंगल में लकड़ियां काटने के लिए जाते हैं। छात्रों के फेल होने, शरारत या फीस जमा नहीं होने पर कार्रवाई के चलते बच्चों को स्कूल छोड़ने पर भी विवश होना पड़ता है। विशेषतः आदिवासी, दलित एवं अन्य पिछड़ी जाति के बच्चों को स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की स्थितियां बढ़ती जा रही है, जो आजादी के अमृतकाल में चिन्ता का एक बड़ा कारण है। सरकार की बड़ी-बड़ी योजनाओं के बीच छात्रों के स्कूल छोड़ने की स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा। शिक्षा को पेचिदा बनाने की बजाय सहज एवं रोचक बनाना होगा। ताकि कुछ बच्चों को स्कूल बोरिंग न लगे है, 9वीं और 10वीं कक्षा तक आते-आते कई बच्चों को स्कूल बोरिंग लगने लगता है। इस कारण वे स्कूल देरी से जाना चाहते हैं, क्लास बंक कर देते हैं और लंच ब्रेक में बैठे रहते हैं। पढ़ाई और स्कूल से लगाव ना होने की वजह से अक्सर बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। किसी भी वजह से बच्चे का स्कूल या पढ़ाई छोड़ने का मन करना, पैरेंट्स के लिए एक बड़ी परेशानी है, लेकिन यह शिक्षा की एक बड़ी कमी की ओर भी इशारा भी करता है। बच्चों को स्कूल भेजे जाने का उद्देश्य शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा नागरिक बनना तो है ही, शिक्षा विकोपार्जन में भी प्रमुख भूमिका निभाती है। लेकिन मौजूदा समय में ज्यादातर स्कूल प्रबंधन इसे एक व्यवसाय के रूप में देखने लगे हैं, सरकारें भी शिक्षा की जिम्मेदारी से भाग रही है, भारत में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बाद जमीनी स्तर पर बहुत सारी चीजें बदली हैं। मसलन स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ा है। हर साल आठवीं पास करने वाले बच्चों की संख्या के आँकड़े तेजी से बढ़े हैं। पर इसके साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और स्कूल में बच्चों के ठहराव का सवाल ज्यों का त्यों कायम है। स्कूल आने के बावजूद घरेलू आर्थिक मजबूरियों के कारण काम करने को मजबूर 78 लाख बच्चों की मौजूदगी भारत में प्राथमिक शिक्षा की बदहाली की कहानी दोहराती है। सरकारी योजनाओं एवं नीतिगत स्तर पर शिक्षा को उच्च प्राथमिकता मिलती दिखती है, बावजूद इसके स्कूली शिक्षा में बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति नीतिगत स्तर पर नाकामी या फिर उदासीनता का ही सूचक है। यह समझना मुश्किल है कि इतने लंबे वक्त से यह चिंता कायम है फिर क्यों नहीं इस मसले पर किसी हल तक पहुंचना एक ऐसा सवाल है जिस पर व्यापक चिन्तन-मंथन जरूरी है। यह जगजाहिर है कि एक ओर स्कूल-कालेज में शिक्षा पद्धति में तय मानक बहुत सारे विद्यार्थियों के लिए सहजता से ग्राह्य नहीं होते, वहीं पढ़ाई में निरंतरता नहीं रहने के पीछे सामाजिक और आर्थिक कारक भी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। लगातार शिक्षा मन्दिरों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव भी बच्चों को स्कूलें छोड़ने पर विवश करते हैं। शिक्षा का अधिकार कानून आने के बाद भी भारत में सिंगल टीचर स्कूलों की मौजूदगी बनी हुई है। स्कूलों में विभिन्न विषयों के अध्यापक नहीं है, इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। वे आठवीं के बाद आगे पढ़ने लायक क्षमता का विकास नहीं कर पाते। स्कूल आने वाले लाखों बच्चों में गणित और भाषा के बुनियादी कौशलों का विकास नहीं हो पा रहा है। इस कारण से स्कूल छोड़ने वाली स्थितियां निर्मित होती हैं। भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके। बहुत से सरकारी स्कूलों में शौचालय की स्थिति दयनीय है, विशेषतः बालिकाओं एवं बच्चे सम्मान के साथ उनका इस्तेमाल नहीं कर सकते। गांवों एवं पिछड़े इलाकों की स्कूलों की बात छोड़िये, राजधानी दिल्ली में अव्वल शिक्षा का दावा करने वाली आप सरकार की स्कूलों में पीने का स्वच्छ पानी नहीं है, बैठने के लिये पर्याप्त साधन नहीं है, इस स्थिति में भी बदलाव की जरूरत है। बहुत से स्कूलों में शिक्षक शराब पीकर आते हैं। या फिर स्कूल में हाजिरी लगाकर स्कूल से चले जाते हैं। ऐसी स्थिति का असर भी बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है। शिक्षकों को बच्चों की प्रगति और पीछे रहने के लिए जिम्मेदार बनाने वाला सिस्टम नहीं बन पाया है, इस दिशा में भी गंभीर पहल की जरूरत है। आये दिन देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव करने और समावेशी बनाने को लेकर दावे किये जाते हैं, घोषणाएं की जाती हैं।

> **विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईये सुनें माता सती की कथा

**सती** के लिए अपने पति के विषय में अपमानजनक बातें सुनना हृदय विदारक और घोर अपमानजनक था। यह सब वह बर्दाश्त नहीं कर पाई और इस अपमान की कुंठावश उन्होंने वहीं यज्ञ कुंड में कूद कर अपने प्राण त्याग दिए। सती को दर्द इस बात का भी था कि वह अपने पति के मना करने के बावजूद इस यज्ञ में चली आई थी और अपने दस शक्तिशाली (दस महाविद्या) रूप बताकर-डराकर पति शिव को इस बात के लिए विवश कर दिया था कि उन्हें सती को वहां जाने की आज्ञा देना पड़ी। पति के प्रति खुद के द्वारा किए गया ऐसा व्यवहार और पिता द्वारा पति का किया गया अपमान सती बर्दाश्त नहीं कर पाई और यज्ञ कुंड में कूद गई। बस यहीं से सती के शक्ति बनने की कहानी शुरू होती है। इसके बाद मां के नौ जन्मों की कहानी शुरू होती है। इस खबर को सुनते ही शिव ने वीरभद्र को भेजा, जिसने दक्ष का सिर काट दिया। इसके बाद दुखी होकर सती के शरीर को अपने सिर पर धारण कर शिव ने तांडव नृत्य किया। पृथ्वी समेत तीनों लोकों को व्याकुल देख कर भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र द्वारा सती के शरीर के टुकड़े करने शुरू कर दिए। इस तरह सती के शरीर का जो हिस्सा और धारण किए आभूषण जहां-जहां गिरे वहां-वहां शक्तिपीठ अस्तित्व में आ गए। देवी भागवत में 108 शक्तिपीठों का जिक्र है, तो देवी गीता में 72 शक्तिपीठों का जिक्र मिलता है। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों की चर्चा की गई है। वर्तमान में भी 51 शक्तिपीठ ही पाए जाते हैं, लेकिन कुछ शक्तिपीठों का पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में होने के कारण उनका अस्तित्व खतरें में है। **सती ही है शक्ति :** शक्ति से सृजन होता है और शक्ति से ही विध्वंस। वेद कहते हैं शक्ति से ही यह ब्रह्मांड चलायमान है। ...शरीर या मन में यदि शक्ति नहीं है तो शरीर और मन का क्या उपयोग।

*(क्रमशः)*

# भयावह होती रेल दुर्घटनाओं की तस्वीर


योगेश कुमार गोयल

**उड़ीसा** के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गये हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकराकर पलट गई। इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आरपार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) एएम चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था। हालांकि वास्तव में ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही। भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक हैं, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। रेलों के जरिये प्रतिदिन न केवल करोड़ों लोग यात्रा करते हैं बल्कि यह माल ढुलाई का भी सबसे बड़ा साधन है। इसके बावजूद इस विशालकाय तंत्र को चुस्त-दुरुस्त और सुरक्षित बनाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता और प्रायः इसी कारण रेल हादसे होते रहे हैं। इतने विशाल तंत्र को दुरुस्त रखने के लिए रेलवे को प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरूरत होती है लेकिन विशेषज्ञ इसके आवंटन को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

> **रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) एएम चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है।**

**देश-दुनिया**

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**




# राहुल गांधी कभी पढ़ भी लेते मुस्लिम लीग का इतिहास


आर.के. सिन्हा

**राहुल** गांधी ने मुस्लिम लीग को सेक्युलर पार्टी होने का प्रमाणपत्र देकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी इतिहास की समझ एक स्कूली बच्चे से भी कमजोर है। जाहिर है कि अमेरिका की यात्रा पर गये राहुल गांधी के बयान पर हंगामा खड़ा हो गया है। अब सभी कांग्रेसी राहुल गांधी का बचाव करने में भी लगे हैं। यह भारत में ही संभव है कि मोहम्मद अली जिन्ना की जिस आल इंडिया मुस्लिम लीग ने भारत को तोड़ा था, उससे मिलते- जुलते नाम से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) भारत के विभाजन के कुछ माह बाद ही एक राजनीतिक पार्टी के रूप में सामने आई। इसका गठन 10 मार्च 1948 को ही हुआ। ये मुख्य रूप से केरल में ही एक्टिव रही है। क्या भारतीय कांग्रेस या भारतीय समाजवादी पार्टी के नाम से कोई पार्टी पाकिस्तान में बन सकती थी? ऐसी ही एक गलती भारतीय जनता पार्टी के महा शक्तिशाली नेता और कई बार पूर्व अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री रहे लाल कृष्ण आडवानी ने भी किया था। वे जब पाकिस्तान के दौरे पर थे, जिन्ना की मजार अपर चले गये क तब भी पूरे देश में, खासकर भाजपा के अन्दर कोहराम मचा था क हर भाजपाई आडवानी की पद-प्रतिष्ठा की परवाह किये बिना आडवानी की आलोचना कर रहा था क स्थिति ऐसी हो गई कि भाजपा की केन्द्रीय कार्यसमिति ने एक निंदा का प्रस्ताव पास करने का निर्णय लिया क मैं भी भाजपा के 9 अशोक रोड पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में था जिस प्रेस कांफ्रेंस में यह सूचना दी जा रही थी क निंदा का प्रस्ताव स्व. अरुण जेटली जी ने ही बनाया था जो उन दिनों आडवाणी जी के प्रमुख सहायक थे क पूरा मंच ऐसे ही नेताओं से भरा पड़ा था जो सामान्यतः आडवानी के धुर प्रशंसक थे क लेकिन, यही तो होता है लोकतांत्रिक पार्टी और कभी लोकतांत्रिक रही और अब परिवारवादी पार्टी बन चुकी पार्टी का फर्क क अब जरा देख लीजिए कि जो पार्टी केरल में सक्रिय है वह मुसलमानों के लिए अंग्रेजी, अरबी, और उर्दू शिक्षा की पक्षधर है। ये केरल के मुसलमानों के लिए समृद्ध भाषा मलयालम या राष्ट्र भाषा हिंदी के महत्व को कत्तई महत्व नहीं देती। केरल के मुसलमानों को यह उर्दू की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर क्यों दुबली हो रही है, यह समझ से परे है। शायद राहुल गांधी को पता होगा क्योंकि वे वहां से संसद रह चुके हैं क यह जम्मू - कश्मीर में धारा 370 की बहाली चाहती है। इसका लक्ष्य भारत को हिन्दू राष्ट्र बनने से रोकना और भारत को धर्म निरपेक्ष बनाये रखना भी है। ये भारत को तो धर्म निरपेक्ष रखना चाहती है पर दूसरी तरफ मुसलमानों से इस्लाम के अनुसार जीवन जीने की अपेक्षा रखती है। यानी इसका कहना है मुसलमान भारत के सॅविधान और कानून की जगह इस्लाम की जो व्याख्या मुल्ला करते हैं उसे ही मानें। यह है इसका दोहरा मापदंड। राहुल गांधी के साथ खड़े तथाकथित सेक्युलरवादी यह भी जान लें कि आल इंडिया मुस्लिम लीग भी 1906 में अपनी ढाका में स्थापना के समय पृथक राष्ट्र की मांग नहीं कर रही थी। लेकिन, आगे चलकर उसने अलग पाकिस्तान की मांग चालू कर दी और भीषण नरसंहार के बाद एक तरह से दबाव में उसकी मांग मानी भी गई। भारत के ये ही सेक्युलरवादी, जिन्ना जैसे घोर सांप्रदायिक इंसान को बेशर्मी से सेक्युलर तक बता देते हैं। दरअसल ये जिन्ना के 11 अगस्त, 1947 को दिए भाषण का हवाला देकर उन्हें (जिन्ना) सेक्युलर साबित करते हे। अंग्रेजी में दिए उस भाषण में जिन्ना कहते हैं 'पाकिस्तान में अब सभी को अपने धर्म को मानने की स्वतंत्रता होगी। अब हिन्दू मंदिर में पूजा करने के लिए स्वतंत्र है, मुसलमान अपने इबाबतगाहों में जाने को आजाद हैं।

> **इस्लाम के अनुसार जीवन जीने की अपेक्षा रखती है। यानी इसका कहना है मुसलमान भारत के संविधान और कानून की जगह इस्लाम की जो व्याख्या मुल्ला करते हैं उसे ही मानें।**

**दुर्घटना**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# देसी लुक में भी लगना है स्टाइलिश तो बालों में लगाएं परांदा

किसी फंक्शन या फेस्टिवल में सबसे अलग लुक पाने के लिए बालों में परांदा लगा सकती हैं। हम आपको बालों में नए-नए तरीके से परांदा लगाने के बारे में बता रहे हैं। जिससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा। पंजाबी लोग अपने त्योहारों में पारंपरिक परिधान पहनते हैं। जहां एक ओर लड़के कुर्ता और पटियाला में नजर आते हैं तो वहीं दूसरी ओर लड़कियां भी पंजाबी स्टाइल में तैयार होती है। लेकिन पंजाबी लड़कियों के लुक में सबसे ज्यादा अहम परांदा होता है। जिसे हर पंजाबी महिला अपने बालों में लगाती है। ऐसे में अगर आप भी कुछ अलग स्टाइल में तैयार होना चाहती हैं तो आज का आर्टिकल आपके लिए है।

पंजाबी स्टाइल में अपने बालों में परांदा लगाकर आपकी खूबसूरती कई गुना बढ़ जाएगी। आप भी अपने बालों में कई नए-नए तरीकों से परांदा लगाकर अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। इस लुक के साथ आप बिलकुल पंजाबी लड़कियों की तरह नजर आएंगी।



### गोल्डन गोटा

अगर आप बी अपने बालों में सादा परांदा नहीं लगाना चाहती हैं तो परांदे के तौर पर गोल्डन रंग के गोटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले बालों की पोनीटेल बना लें। फिर उसमें थोड़ी-थोड़ी दूरी पर गोटा बांध लें। यह लुक आपको ट्रेडिशनल दिखने में सहायता करेगा।

### आउटफिट के अपोजिट

### कलर का परांदा

किसी फंक्शन या फेस्टिवल में आप भी अगर पंजाबी आउटफिट पहन रही हैं तो उसके अपोजिट रंग का परांदा अपने बालों में लगाएं। ऐसा करने से आपका परांदा ज्यादा हाइलाइट होगा और आपको सबसे अलग लुक मिलेगा।

### फ्रेंच चोटी के साथ मिलेगा परफेक्ट लुक

अगर आप भी अपने बालों में परांदा लगाना चाहती हैं तो सबसे पहले बालों की फ्रेंच चोटी बना लें। बता दें कि फ्रेंच चोटी पर परांदा बहुत अच्छा लगता है। इसके बाद अपने आउटफिट से मैच करता हुआ परांदा अपने बालों में लगाएं।

### ऐसे लगाएं गोटा

अगर आप परांदा से कुछ हटकर अपने बालों में लगाना चाहती हैं तो बालों की चोटी बना लें। फिर उसमें अलग सा रबड़ लगाएं। अब अपनी चोटी में आप सिल्वर या गोल्डन गोटे लगा सकती हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# एक टमाटर में है कई ब्यूटी प्रॉब्लम्स का इलाज

टमाटर का इस्तेमाल खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि टमाटर त्वचा के लिए भी बेहद लाभकारी है। त्वचा को यह अनगिनत फायदे देता है। साथ ही यह आपकी खूबसूरती बढ़ावने का काम करता है। अगर आप भी महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल की जगह घरेलू उपाय से अपनी खूबसूरती को निखारना चाहती हैं। तो ऐसे में टमाटर आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। टमाटर से त्वचा संबंधित कई परेशानियों का हल मिल सकता है। बता दें कि टमाटर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। जिसके कारण इसे सुपरफूड्स भी कहा जाता है। माटर में आपकी त्वचा को खूबसूरती से बदलने की शक्ति होती है।

### ब्यूटी प्रोडक्ट को करें ना

टमाटर न सिर्फ आपके खाने के स्वाद को बढ़ाने का काम करता है। बल्कि यह आपकी खूबसूरती को भी बढ़ाने का काम करता है। बता दें कि टमाटर में स्किन को फायदा पहुंचाने वाले कई जरूरी विटामिन्स पाए जाते हैं। टमाटर में लाइकोपीन, पोटेशियम और विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जो आपकी स्किन को भी फायदा पहुंचाता है।

### एक्ने की समस्या

बता दें कि टमाटर में विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन के प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह आपकी त्वचा की गहराई से सफाई करता है। साथ ही यह



आपके पीएच लेवल को भी कंट्रोल करने का काम करता है। टमैटो के पैक्स से आप एक्ने आदि से समस्या से भी निजात पा सकती हैं।

### ओपन पोर्स

हमारी स्किन में बड़े पोर्स देखने में काफी खराब लगते हैं। वहीं यह आपकी खूबसूरती को भी कम करता है। ऐसे में अगर आप भी अपने स्किन से पोर्स को कम करना चाहते हैं। तो इसके लिए आपको रोजाना चेहरे पर टमाटर का पेस्ट अप्लाई करना चाहिए। इससे आपके पोर्स का साइज भी कम होगा।

### ऑयली स्किन

अगर आपकी स्किन भी ऑयली है और आप इससे छुटकारा पाना चाहती हैं तो टमाटर का पेस्ट लगाने से आपको फायदा मिल सकता है। त्वचा से अत्यधिक ऑयल के उत्पादन को नियंत्रित कर टमाटर स्किन को हेल्दी लुक देने का काम करता है। टमाटर से बना फेस पैक ऑयली स्किन के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

### सनबर्न

सनबर्न के लक्षणों को टमाटर की मदद से कम किया जा सकता है। टमाटर में मौजूद विटामिन-ए और विटामिन-सी को सनबर्न से निजात पाने के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके साथ ही यह फेस की रेडनेस और सूजन को दूरता है। इसका पैक बनाने के लिए टमाटर के जूस में आप एलोवेरा जेल को मिलाकर अपने फेस पर अप्लाई करें।

### स्किन टाइटनिंग

अगर आप भी सैगी स्किन से परेशान हैं तो टमाटर आपकी त्वचा को कोलेजन प्रदान करता है। इसके लिए आप सप्ताह में कम से कम तीन बार चेहरे पर टमाटर से मसाज करना चाहिए। इसके लिए टमाटर के पेस्ट में अंडे का सफेद हिस्सा और लवेंडर ऑयल की कुछ ड्रॉप डालकर मिक्स कर लें। फिर इससे अपने चेहरे पर मसाज करें।

### स्किन ब्राइटनिंग

डार्क स्किन टोन के लिए 2 चम्मच टमाटर का गूदा, मुल्तानी मिट्टी और एक छोटी चम्मच पुदीने के पेस्ट को मिक्स कर लें। इसके आप इसे अपने फेस पर अप्लाई करें। वहीं इस पेस्ट के सूख जाने के बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। सप्ताह में एक बार इस पैक को जरूर अप्लाई करना चाहिए।

# एथनिक वियर के साथ ट्राई करें ऐसे फुटवियर...

शादी हो या फंक्शन, हर किसी की चाहत सबसे अच्छा व स्टाइलिश लगने की होती है। जहां लड़कियों की आसानी से तैयारी हो जाती है, तो वहीं लड़के अपने लुक में कंफ्यूज हो जाते हैं। आप कुर्ते-पजामा के साथ इस तरह के फुटवियर पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकते हैं। जब भी घर में कोई शादी या फंक्शन होता है तो हम सभी की चाहत सबसे अलग दिखने की होती है। जहां लड़कियों की तैयारी महीनों पहले शुरू हो जाती है। लड़कियां अपने आउटफिट्स से लेकर एक्सेसरीज तक फाइनल कर लेती हैं। ताकि आखिरी समय में कोई गड़बड़ी न हो। लेकिन फंक्शन आदि में लड़कों के लिए तैयार होना काफी मुश्किल टास्क होता है। लड़कों के लिए कपड़े पसंद करना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में बाकी चीजों पर ध्यान देने का समय नहीं मिल पाता है। जब ऑफिस ड्रेसिंग की बात आती है तो लड़के कैजुअल और सूट के साथ फुटवियर का भी चुनाव कर लेते हैं। लेकिन जब बात कुर्ता पजामा की आती है तो वह कंफ्यूज हो जाते हैं। ऐसे में अगर आपके साथ भी यह कंफ्यूजन हैं तो आज हम आपको लड़कों के कुछ ट्रेंडी एथनिक फुटवियर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप इन फुटवियर को ले सकते हैं।



**ब्राउन रंग की जूती :** एथनिक वियर के साथ आपके ऊपर ब्राउन रंग की जूती काफी बेस्ट लगेगी। वहीं शादी के फंक्शन के लिए यह बेहतर ऑप्शन है। कुर्ते-पजामा के साथ ब्राउन जूती काफी अच्छी लगेंगी।

**चमड़े के सैंडल :** शादी और पार्टियों में ज्यादातर लोग जमकर डांस करते हैं। ऐसे में अगर आप चमड़े के सैंडल कैरी करते हैं तो काफी कंफर्टेबल महसूस करेंगे। वहीं इसको पहनकर आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पल :** शादी हो या फंक्शन हर मौसम में कोल्हापुरी चप्पलें बेस्ट होती है। खासकर कुर्ता-पजामा के साथ कोल्हापुरी चप्पल काफी स्टाइलिश लगेंगी।

**साफ-सफाई का रखें ध्यान :** कुर्ता-पजामा के साथ आप इस तरह के फुटवियर ट्राई कर सकते हैं। हालांकि आप चाहे जैसे फुटवियर पहनें, लेकिन इनकी साफ-सफाई का ध्यान रखना न भूलें।

# रेवड़ी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
(तेलंगाना साहित्य अकादमी से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

मुझे घर पर लाया गया। कुछ दिन बीते। एक दिन अचानक मेरी बंजर भूमि के लिए किसान फसल योजना के पैसे मेरे खाते में जमा होने लगे। मैं दिल्ली का किसान हूँ। यहाँ केवल राजनीति नहीं होती। कभी-कभी चमत्कार भी होते हैं। मैंने जीवन में कभी खेती नहीं की। इसलिए बिन उगाई फसल के लिए पैसे मिलने लगे तो किसे खुशी नहीं होगी। मुझे फिर से मुफ्ताटैक का दौरा पड़ने ही वाला था कि बेटे ने आकर बताया कि सरकार ने केवल आधे पैसे जमा किए हैं और आना बाकी है। जैसे-तैसे मैं मुफ्ताटैक से बच पाया।

मैं आधार कार्ड से बूढ़ा हो चला हूँ। इसलिए वृद्ध पेंशन योजना का लाभार्थी हूँ। असलियत में मेरी उम्र कुछ और है। उम्र ऐसी कि मैं कहीं भी नौकरी कर सकता हूँ। लेकिन जब बैठे-बिठाए चार पैसे मिल रहे हों, तो भला कोई नौकरी क्यों करेगा। कभी-कभी मेरा ईमान जाग उठता था। चुल्लू भर पानी में डूब मरने की इच्छा भी होती थी। हाय मैं यह भी न कर सका, क्योंकि सरकार मुफ्त का पानी चुल्लू भर की मात्रा से अधिक देती थी।

मैं अपनी इकाई से कम सरकार की इकाई से ज्यादा चलता हूँ। सरकार ने फलाँ इकाई तक बिजली मुफ्त कर दी थी। इसलिए मैंने उस इकाई को कभी पार नहीं की जहाँ मुझे सरकार को एक रुपया भी देना पड़े। कहते हैं मुफ्त की आदत पड़ जाए तो कैंसर और एड्स की बीमारियाँ भी बौने लगने लगती हैं। कभी-कभी तो लगता है कि मुफ्त की फिनाइल पैसे देकर खरीदे गए दूध से भी अधिक मजा देता होगा। मैं जब भी टीवी चलाता हूँ तो एक नई उम्मीद जाग उठती है कि आज सरकार कौनसी मुफ्त योजना लाने जा रही है। अब

मैं आधार कार्ड से बूढ़ा हो चला हूँ। इसलिए वृद्ध पेंशन योजना का लाभार्थी हूँ। असलियत में मेरी उम्र कुछ और है। उम्र ऐसी कि मैं कहीं भी नौकरी कर सकता हूँ। लेकिन जब बैठे-बिठाए चार पैसे मिल रहे हों, तो भला कोई नौकरी क्यों करेगा। कभी-कभी मेरा ईमान जाग उठता था। चुल्लू भर पानी में डूब मरने की इच्छा भी होती थी। हाय मैं यह भी न कर सका, क्योंकि सरकार मुफ्त का पानी चुल्लू भर की मात्रा से अधिक देती थी। मैं अपनी इकाई से कम सरकार की इकाई से ज्यादा चलता हूँ। सरकार ने फलाँ इकाई तक बिजली मुफ्त कर दी थी। इसलिए मैंने उस इकाई को कभी पार नहीं की जहाँ मुझे सरकार को एक रुपया भी देना पड़े।

मुझे मुफ्तखोरी की आदत पड़ गई है। बीवी-बच्चों को भी मुफ्तभोगी बनने की ट्रेनिंग देता रहता हूँ। वे समझदार हैं। इसीलिए काम की तलाश से ज्यादा मुफ्त स्कीमों की खोज में लगे रहते हैं। मुझे गर्व है कि वे मुझ पर गए हैं। अब तो डॉक्टरों का कहना है कि मुझे मुफ्ताटैक का दौरा नहीं पड़ सकता, क्योंकि उन्होंने मुझे अनंत इच्छाओं की डोज वाली दवा लेने की सलाह जो दी है।

## सूडोकु नवताल- 6722

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6721 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**06 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.55 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 08.09 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.25 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 14.48 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 17.02 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.18 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.23 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.10 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.43 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 02.13 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.53 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 150 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 00.51 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 23.13 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुभ 05.25 बजे तदनन्तर शुक्ल(शुक्र) 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 14.21 बजे तदनन्तर विष्टि 00.51 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 36' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871636 **जूलियन दिन** 2460101.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7784



**बाएँ से दाएँ**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग,चुटीली बात-2
10. दुख,कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य,तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम,राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स,हाथ-2
21. होठ,अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश,विनाश,विध्वंस-3
26. निश्चित -4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति,धन-2
3. वंश,खानदान-2
4. उत्तमता,परिष्कृतता-4
6. समुद्र,दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर,महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर,फन-2
22. देह,काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2

### शब्द पहेली - 7783 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | त | र | त | | स | ला | म | त |
| र | | त | ल | ब | गा | र | | मी |
| गी | ला | | | द | | | ह | ज |
| | ल | | क | न | क | | म | |
| ध | कि | या | ना | | ग्रा | या | व | र |
| | ता | | त | म | स | | त | |
| ऐ | ब | | | ना | | | न | न |
| न | | ख | ल | ना | य | क | | क |
| क | र | त | ब | | म | ल | म | ल |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। कारोबार की वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष राशि :** माता-पिता का सानिध्य मिल सकता है। वाहन सुख में कमी आएगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। किसी सम्पत्ति से आय हो सकती है।

**मिथुन राशि :** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क राशि :** किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। परिवार के लिए भौतिक सुखों में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक कठिनाइयां रहेंगी। परिवार का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है।

**कन्या राशि :** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। मित्र के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला राशि :** मन परेशान हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है।

**वृश्चिक राशि :** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। आलस्य की भी अधिकता रहेगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है।

**धनु राशि :** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर राशि :** परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु वाणी में कठोरता का प्रभाव भी हो सकता है।

**कुंभ राशि :** बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन की स्थिति में सुधार होगा। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मीन राशि :** कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन सम्भव है। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।




# भारत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए 5 साल पहले शुरू किया काम: पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कहा कि इस वर्ष की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान है। जिसकी बात विश्व अब कर रहा है, उस पर भारत ने 5 साल से पहले से ही लगातार काम करना शुरू कर दिया था। देश में साल 2018 में ही एकल उपयोग प्लास्टिक के लिए दो स्तर से काम कर रहा है। एक सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया और दूसरी तरफ प्लास्टिक की रिसाइकलिंग पर तेजी से काम किया गया। देश में 30 लाख टन प्लास्टिक की पैकेजिंग जरूरी कर दी गई है, जो कि देश का कुल उत्पादन का 75 फीसदी है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विज्ञान



भवन में आयोजित कार्यक्रम को दिए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की रक्षा के लिए स्पष्ट दिशा में काम शुरू कर दिया है। भारत ने एक तरफ गरीब लोगों की मदद की है, तो दूसरी तरफ भविष्य की ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन इकोनॉमिक्स अभियान को जारी रखते हुए भारत ने पिछले 9 सालों में रामसर साइट में तीन गुना बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि आज लांच हुए अमृत धरोहर योजना के तहत जनभागीदारी की मदद से रामसर साइट्स का संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। इसके साथ मिस्टी योजना के माध्यम से मैंग्रोव इकोसिस्टम को जीवन मिलेगा। इससे नौ राज्यों में मैंग्रोव को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा और इससे जीवन और आजीविका को साधने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दुनिया का विकास मॉडल विरोधाभासी है। कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों का खमियाजा विकासशील देश उठा रहे हैं। भारत ने विश्व के सामने जलवायु न्याय का सवाल उठाया है। भारत आज अपने इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व तरीके से फोकस कर रहा है।

## भारत क्लाइमेट जस्टिस का मुद्दा उठाता रहा है : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत जलवायु न्याय का मुद्दा उठाता रहा है। कुछ विकसित देशों की 'गलत नीतियों' की कीमत गरीब और विकासशील देशों को चुकानी पड़ रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में एक वीडियो संदेश में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी राष्ट्रों को अपने स्वार्थों से ऊपर उठकर विश्व जलवायु की रक्षा के बारे में सोचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, लंबे समय तक बड़े और विकसित देशों में विकास का मॉडल विरोधाभासी रहा है। इससे उन्होंने विकास का लक्ष्य हासिल किया लेकिन पर्यावरण को उनके विकास की कीमत चुकानी पड़ी। आज भी दुनिया के विकासशील और गरीब देश कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों की कीमत चुका रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दशकों से विकसित देशों के इस रवैये का विरोध करने वाला कोई नहीं था, हालांकि उन्हें खुशी है कि भारत जलवायु न्याय का सवाल उठाने में कामयाब रहा है।

# ओडिशा हादसा क्यों हुआ ?

## भारतीय रेल की सबसे बड़ी खामी व अगले 20 साल का रोडमैप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2 जून की शाम ओडिशा के बालासोर के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रही। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर, फिर यशवंतपुर एक्सप्रेस की कोरोमंडल की ही बिखरी हुई बोरियों से टक्कर। हुआ क्या- 275 लोगों की दर्दनाक मौत, 1000 से ज्यादा लोग घायल, कई की हालत गंभीर। किसी ने हाथ गंवाया, किसी का पैर गया तो किसी का सिर ही धड़ से अलग हो गया। सब जगह लाशें बिछ गईं और मातम पसर गया। जांच शुरू हो गई है, मुआवजे का ऐलान किया जा चुका है, राजनीति भी चरम पर चल रही है। लेकिन एक सवाल तो वहीं का वहीं रह गया- भारत में रेल हादसे होते क्यों हैं? आजादी के 75 साल हो गए हैं,लेकिन ये विनाशकारी दुर्घटनाएं रुकती क्यों नहीं? कहां चूक रहा है भारतीय रेल? इस समय किन चुनौतियों का सामना कर रहा है रेल? आने वाले 20 सालों का रोडमैप क्या रहना चाहिए? अब इन सभी सवालों का जवाब सरकार दे सकती है, लेकिन वो आकलन कितना निष्पक्ष होगा, ये बताना मुश्किल है। इस पर द इंडियन एक्सप्रेस ने रेलवे के एक सेवानिवृत्त अफसर से बात की। आईआरएसई के पूर्व अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में ओडिशा हादसे की वजह से लगायत भारतीय रेल के सामने बड़ी चुनौतियों तथा आने वाले 20 सालों का क्या रोडमैप हो सकता है, इस बारे में बताया।

### सवाल जवाब के रूप में प्रस्तुत है

**सवाल- ओडिशा हादसे का कारण क्या रहा- तकनीकी खराबी या फिर मानवीय भूल?**

देखिए, प्रमुख रूप से तो हम ये मानवीय भूल ही मानेंगे। मान भी लीजिए अगर किसी मशीन में कोई खराबी आई हो, या डिजाइन में कुछ इशू रहा तो, तो भी अंत में इसके तार तो 'ह्यूमन एरर' से ही जुड़ते हैं। वैसे भी हमे हर घटना के हमेशा मानवीय पहलू को ज्यादा तवज्जो देनी चाहिए। उसे टेक्निकल फेलियर बता देना या मशीन में खराबी बताना गलत है। मशीन ठीक तरह से बनी है कि नहीं, वो चेक करना जरूरी रहता है। वो ठीक तरह से मेंटेन हो रही है या नहीं, कोई दिक्कत है तो ठीक किया जा रहा है या नहीं, वो देखना जरूरी रहता है। ऐसे में रेलवे तो पूरी तरह Human Intensive है। कितने लोग काम कर रहे हैं, ट्रैक मैन से लेकर स्टेशन मास्टर, गार्ड तक। ऐसे में अब किसी एक आदमी की गलती हो सकती है या एक से ज्यादा लोग भी जिम्मेदार हो सकते हैं। इस ओडिशा हादसे को लेकर तो मैं साफ कहना चाहूंगा कि जिम्मेदारी तय होना बहुत जरूरी है। ये सरकार इस समय काफी नरम दिखाई दे रही है।मतलब कोई दूसरा देश हो तो वहां तो ऐसे हादसों के बाद जिम्मेदार लोगों को जेल भेज दिया जाता है, कोर्ट में उन पर आपराधिक मामले दर्ज होते हैं। इसी तरह भारत में भी बेमान, झूठे, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन होना बहुत जरूरी है।

**सवाल- कोरोमंडल और यशवंतपुर में LHB कोच थे, इन्हें काफी सेफ माना जाता है, लेकिन इस हादसे के बाद कहा जाए कि जरूरत से ज्यादा भरोसा कर लिया?**

नहीं, मेरी नजरों में ऐसा निष्कर्ष निकालना गलत है। वर्तमान स्थिति में LHB कोच ही बेस्ट हैं। समझने वाली बात ये है कि हमने 1998 के करीब इन LHB कोच को खरीदा था, ऐसे में ये कहा जा सकता है कि उनमें अपग्रेडेशन की जरूरत है। लेकिन वो काफी अच्छे और अभी कई और सालों तक उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। वो सुरक्षा के लिहाज से भी सही हैं, ऐसे में हादसे के बाद सीधे कोच को जिम्मेदार बता देना गलत है। मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि LHB मजबूत और सुरक्षित कोच हैं।

**सवाल- आप कह रहे हैं कि LHB बेस्ट हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि 275 लोगों की मौत हुई है, इस पर क्या बोलेंगे?**

हमे ये नहीं भूलना चाहिए कि इस हादसे में सबसे ज्यादा क्षति जनरल क्लास की बोगियों को हुई है, स्लीपर डिब्बों में भी काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में बड़ा मुद्दा ओवरक्राउडिंग का है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोच आपको कुछ चोटों से बचा सकता है,लेकिन अगर इतनी भीड़ होगी, और फुल स्पीड में दो ट्रेनों की टक्कर होगी, तो ऐसी स्थिति में तो कोच भी क्या ही कर लेगा। ऐसे में हमे तो ओवरक्राउडिंग की चिंता करनी चाहिए। ये सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है। यात्रियों का भी इसमें नुकसान ही है, वो पूरी टिकट का पैसा देते हैं, लेकिन कितनी खराब स्थिति में उन्हें ट्रैवल करना पड़ता है।

**सवाल- आपने ये बहुत बड़ा मुद्दा उठाया है, आप कहना चाहते हैं कि इस हादसे में जो ज्यादा मौते हुईं, उसका कारण ये भीड़ है?**

मैं ये बात पिछले कई सालों से कह रहा हूं। मैंने 2017 में इंडियन एक्सप्रेस में इसे लेकर एक आर्टिकल भी लिखा था। भारत की सबसे बड़ी चुनौती ही Over Congestion है। हमारे ट्रंक रूट्स बहुत ज्यादा इस्तेमाल हो रहे हैं, उन पर काफी आवाजाही है। मैं तो यहां तक कहूंगा कि हम एक तरह से अपने ट्रैक्स का शोषण कर रहे हैं, जितनी क्षमता नहीं है, उससे कई ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

# भाजपा के खिलाफ गोलबंद विपक्षी पार्टियों की प्रस्तावित बैठक टली

### अब 23 जून को होने की संभावना

**एजेंसी। पटना**

पटना में 12 जून को विपक्षी पार्टियों की प्रस्तावित बैठक टल गयी है। अब यह बैठक 23 जून को होने की संभावना है। यह तीसरा मौका है जब विपक्षी एकता की बैठक को स्थगित किया गया है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं और 12 जून तक उनके लौटने की उम्मीद नहीं है। इसलिए 12 जून की बैठक में वे शामिल नहीं हो सकते। साथ ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी पटना आने में असमर्थ थे। ऐसे में बैठक को स्थगित करने का यही कारण हो सकता है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार देर रात बैठक टलने के सवाल पर कहा कि बैठक से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द ही दी जायेगी।

**तीसरी बार टली बैठक :** विपक्षी पार्टियों की बैठक सबसे पहले 19 मई को होने वाली थी लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनाव और वहां कांग्रेस की सरकार बनने के बाद शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए पटना में विपक्षी एकता की बैठक टाल दी गई।

### आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा

# बैंकों की प्रशासनिक खामियां दूर करने के लिए सही समय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विभिन्न बैंकों में पिछले दिनों पाई गई खामियों और उसके बाद केंद्रीय बैंक द्वारा की गई कार्रवाई की पृष्ठभूमि में आरबीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि बैंकों के प्रशासनिक ढांचे की कमियां दूर करने के लिए यह सही समय है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव ने कहा, इस मोड़ पर भारत में बैंकिंग क्षेत्र मजबूत, जोखिमों का सामना करने के लिए



तैयार और वित्तीय रूप से सशक्त है। इसलिए, बेहतर भविष्य के लिए प्रशासनिक ढांचे, एश्योरेंस फंकशन और रणनीति की खामियों को दूर करने के लिए यह सही समय है। वह हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए आरबीआई द्वारा आयोजित बैंक निदेशकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राव की यह टिप्पणी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के उस बयान के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस मामले में दिशा-निर्देश जारी करने के बावजूद केंद्रीय बैंक ने बैंकों के कॉरपोरेट प्रशासन में कुछ खामियां पाई हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट से सिसोदिया का जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया को अंतरिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने हालांकि सिसोदिया को हिरासत में रहने के दौरान एक दिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए कहा था कि उनकी बीमार पत्नी की देखभाल करने वाला उनके अलावा कोई और नहीं है। मामले में नियमित जमानत के लिए सिसोदिया की याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

### अंबानी-एंटीलिया मामला

# प्रदीप शर्मा को सुप्रीम राहत छह माह की अंतरिम जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया को 2021 में बम से उड़ाने की साजिश रचने और व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या के आरोपित व पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को राहत दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने प्रदीप शर्मा को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को बीमार पत्नी से मिलने के लिए अंतरिम जमानत दी है। 29 मई को कोर्ट ने अंतरिम जमानत के लिए अलग से अर्जी दाखिल करने की मांग को स्वीकार कर ली थी। प्रदीप शर्मा की ओर से कहा गया कि इस मामले में वह दो सालों से जेल में बंद हैं। याचिकाकर्ता की पत्नी का 2015 में गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी के लिए ऑपरेशन किया गया था। अभी उनको गंभीर समस्या है उनका वजन 6 किलो कम हो गया है। शर्मा की ओर से मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत देने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि प्रदीप शर्मा की पत्नी नियमित रूप से अस्पताल में उनसे मिलने आती रही हैं। मेरे पास इसका रिकॉर्ड भी हैं। तब कोर्ट ने पूछा कि अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की मांग वाली अर्जी में आप अंतरिम जमानत कैसे ले सकते हैं।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों ने लूटे गए 790 हथियार बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 790 परिष्कृत और स्वचालित हथियार तथा 10,648 गोला-बारूद बरामद किए हैं, जो 3 मई को हुए जातीय दंगों के दौरान पुलिस और विभिन्न अन्य प्रतिष्ठानों से लूटे गए थे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच, मणिपुर के विभिन्न जिलों से पिछले 24 घंटे में हिंसा की कई घटनाओं की खबरें आ रही हैं, हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मीडिया रिपोटरें में कहा गया है कि इम्फाल पश्चिम जिले में भीड़ द्वारा कम से कम तीन लोगों को जिंदा जला दिया गया या पीट-पीटकर मार डाला गया।

### दौरा रक्षा मंत्री ने रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ की द्विपक्षीय बैठक

# दोनों देशों की साझेदारी महत्वपूर्ण : राजनाथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को भारत पहुंचे अमेरिकी रक्षा सचिव ने आज राष्ट्रीय राजधानी में मानेकशॉ सेंटर में राजनाथ सिंह की उपस्थिति में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ऑस्टिन की यह यात्रा प्रमुख रूप से भारत-अमेरिका के नए रक्षा नवाचार, औद्योगिक सहयोग की पहल को आगे बढ़ाने, अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच परिचालन सहयोग का विस्तार करने के प्रयासों को जारी रखने पर




केंद्रित होगी।

भारत आने के बाद अमेरिकी रक्षा सचिव ने ट्वीट किया, ₹मैं अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के बारे में चर्चा के लिए प्रमुख नेताओं से मिलने के लिए भारत आ रहा हूं। हम एक मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए भारत के साथ साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं।₹ वहीं भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि नई दिल्ली में अपने दोस्त ऑस्टिन से मिलकर खुशी हुई। हमारी वार्ता रणनीतिक हितों और सुरक्षा सहयोग में वृद्धि सहित कई क्षेत्रों में रक्षा सहयोग बढ़ाने के इर्द-गिर्द घूमती है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए भारत-अमेरिका की साझेदारी महत्वपूर्ण है। हम सभी क्षेत्रों में अमेरिका के साथ निकटता से काम करने की आशा करते हैं और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन क्क्क ने सोमवार को मानेकशॉ सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता की। भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत भी वार्ता में शामिल हुए। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी भी बैठक के दौरान उपस्थित थे।

## FILMY हलचल

## अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए 'मिजार्पुर 3' में आ रही ईशा तलवार

**एक्ट्रेस** ईशा तलवार फिलहाल 'मिजार्पुर 3' का इंतजार कर रही हैं। अपनी



भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी। ईशा ने कहाः माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था। जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं।



## नहीं रहे महाभारत के शकुनि मामा

**लोकप्रिय** सीरीज "महाभारत" में शकुनि मामा का किरदार निभाने वाली गुफी पेंटल का निधन हो गया है। पिछले कुछ दिनों से उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था लेकिन इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। उनके को-स्टार सुरेंद्र पाल ने अभिनेता के निधन की खबर की पुष्टि की है। उनका पिछले 10 दिनों से मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। दिलचस्प बात यह है कि पिछले दो दिनों से उनकी हालत में सुधार हो रहा था। ऐसे में परिवार को उम्मीद थी कि वह जल्द ही घर लौट आएंगे। वह कुछ सालों से दिल और किडनी से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। गुफी पेंटल का आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे निधन हुआ। उनके पार्थिव शरीर का आज दोपहर चार बजे ओशिवारा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। फैंस गुफी पेंटल के जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे थे लेकिन आखिरकार इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अब सेलेब्रिटीज के साथ-साथ फैंस भी उनके निधन पर शोक जता रहे हैं।

## 3 दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 23 जून से

**रांची।** चाईबासा लाइव समूह के संस्थापक जितेंद्र ज्योतिषी द्वारा निर्मित निर्देशित फिल्म 'आदिविद्रोही' को जून माह में होने वाले चित्रपट फिल्म समारोह के लिये चयनित किया गया है,यह फिल्म वर्ष 1831-32 के कोल विद्रोह पर आधारित है। फिल्म के पहले स्थान पर चयनित होने पर फिल्म के निमार्ता निर्देशक जितेंद्र ज्योतिषी ने इसे पूरी टीम की उपलब्धि बताया है। यह फिल्म आगामी 23 -24-25 जून को राजधानी रांची में सरला बिरला विश्वविद्यालय, टाटीसिलवे में होने वाले फिल्म फेस्टिवल में बिग स्क्रीन पर प्रदर्षित होगी। इस फिल्म की शूटिंग 2020 में चाईबासा और मशहूर सेरेंगसिया घाटी में हुई थी। फिल्म में मुख्य भूमिका में है फिल्म के निर्देशक जितेंद्र ज्योतिषी और संदीपिका राय,राहुल शर्मा, रवि वर्मा, राकेश पांडे। छायांकन सोलमेंन और संगीत बाबुल का है।

## हिट मशीन खेसारीलाल का गाना 'हमार जिला' रिलीज

**हिट** मशीन व भोजपुरी अभिनेता खेसारीलाल यादव का नया धमाकेदार गाना 'हमार जिला' रिलीज होने के साथ ही सोशलमीडिया पर वायरल हो गया। यह गाना सोमवार को ही आदिशक्ति फिल्म्स के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे लाखों लोगों ने अब तक देख चुके हैं। इस गाना के रिलीज होने के अवसर पर पटना में खेसारीलाल यादव ने कहा कि मैं अपने काम को सर्वोपरि मानता हूँ, जो भोजपुरी समाज के दर्शकों के लिए मनोरंजन का काम करती है। मैं दिन रात एक



कर अपने फिल्म और गानों की मेकिंग में खुद को झोंक देता हूं। यही वजह है कि आज मैं एक बार फिर से आपने श्रोताओं के सामने एक नए धमाकेदार गाने के साथ खड़ा हूँ। खेसारी लाल यादव ने कहा कि मेरा गाना 'हमार जिला' आज आदिशक्ति फिल्म्स से रिलीज हुआ है। मैंने इस चैनल के लिए ढेर सारे गाने गाये हैं, जहां दर्शकों ने मेरे गाने को तो खूब पसंद किया ही। साथ ही इस चैनल को भी नई ऊंचाईओं पर लेकर गए।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनरेगा आयुक्त ने किया पौधरोपण

# स्वच्छ वातावरण के लिए पर्यावरण जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सोमवार को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) के परिसर में शीशम एवं पीपल का पौधा लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण का संबंध हमारे जीवन से है। पर्यावरण हमें बहुत कुछ देता है। हमें भी पर्यावरण को बचाने के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण काफी जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए आम लोगों में संवेदनशीलता के साथ- साथ जागरूकता का होना जरूरी है। राजेश्वरी बी ने आम लोगों से अपील की, कि चाहे बच्चे का जन्मदिन हो या शादी समारोह या फिर कोई विशेष अवसर, छोटे-बड़े सभी अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करें। सभी व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनायें और लोगों को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे कदमों और उपायों को लागू कर हमें स्वस्थ जलवायु को बढ़ाना है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, उप निदेशक अनुपम भारती, सहायक निदेशक श्री राजीव रंजन, सहायक निदेशक अनिल यादव एवं अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## जैक 11वीं का रिजल्ट जल्द करेगा जारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) 11वीं का रिजल्ट जल्द ही जारी करेगा। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र जैक के इस आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकेंगे। जैक जल्द ही झारखंड 11वीं कक्षा के रिजल्ट 2023 के लिए रिलीज की तारीख और समय की पुष्टि करने जा रही है। जिन छात्रों ने इस साल अपनी जैक कक्षा 11वीं की परीक्षा दी है, वे अब जैक 11वीं के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद की जा रही है। बताया जा रहा है 10 जून तक रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। लेकिन एग्जाम डिपार्टमेंट के द्वारा अभी तक रिजल्ट जारी करने के लिए ऑफिसियल तिथि को जारी नहीं किया गया है। घोषणा के बाद छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम चेक कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जैक की ओर से कक्षा 11वीं बोर्ड परीक्षा 17, 18 और 20 अप्रैल 2023 को आयोजित की गई थी। 11वीं की परीक्षा 40 अंकों की ली गई थी।

# हम सभी का कर्तव्य बनता है कि वनों की रक्षा करें : मधुसूदन मोदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को डेलीमार्केट थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने पौधरोपण किया। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों ने पर्यावरण को संरक्षित करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि हम सभी यह तय करें कि हर एक अवसर पर अपने आसपास पेड़ पौधे लगाएं। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि वनों की रक्षा करें, साथ ही साथ पेड- पौधे लगाने का संदेश दूसरों को भी दें एवं प्रेरित करें। ताकि आने वाले पीढ़ी को पर्यावरणीय दृष्टि से तकलीफ ना हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है साथ ही साथ सभी लोग संकल्प लें कि अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे। हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाए होंगे तभी आज हम सुरक्षित हैं और स्वच्छ हवा में सांस ले रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए हमें पौधरोपण कर उनकी देखभाल करनी होगी।

## बाबूलाल मरांडी ने देवघर में जमीन घोटाला की जताई आशंका

# सीबीआई और ईडी से की जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रांची की तरह देवघर में भी बड़े पैमाने पर जमीन घोटाला होने की आशंका जताई है। देवघर में बड़े पैमाने पर जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर बेचे जाने का आरोप लगाते हुए बाबूलाल मरांडी ने इसकी जांच सीबीआई या ईडी से करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि देवघर में एतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए दर्जनों भूमाफियाओं द्वारा जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर जमीन की हेराफेरी की जा रही है। अभी हाल ही में एम्स और एयरपोर्ट के बनने के बाद से सीमावर्ती राज्यों के भू माफिया सक्रिय हो गए हैं। यहां के जमीन घोटाले के कुछ मामलों की जांच सीबीआई पहले से कर रही है, फिर भी जमीन घोटाले का गोरखधंधा जोरों पर है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि देवघर जमीन घोटाला का संबंध रांची की तरह बंगाल से है। इस घोटाले में कई पूर्व और वर्तमान में पदस्थापित अंचल अधिकारी और कई बड़े-बड़े पदाधिकारियों की संलिप्तता है, जिसकी जांच होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोलकाता जैसे महानगर में जमीन कठ्ठा और डिसमिल के हिसाब से बिकता है, मगर देवघर एक ऐसा शहर है जहां भू माफियाओं और जमीन दलालों की वजह से जमीन स्क्वायर फीट में बिकता है। उन्होंने सीबीआई और ईडी द्वारा इस मामले में जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि घोटालेबाजों को सजा मिल सके। राज्य में सबसे ज्यादा विवाद जमीन की खरीद बिक्री में होता देखा जाता है। इस वजह से कानूनी लड़ाई के अलावा आए दिन हत्याएं तक होती हैं। सरकार ने जमीन विवाद को निपटाने के लिए हर शनिवार को प्रखंड कार्यालयों में भूमि विवाद समाधान दिवस मनाने का निर्णय लिया था, जिसमें जमीन विवाद संबंधित छोटी मोटी परेशानी खासकर जमीन रसीद, म्यूटेशन, दस्तावेज में शुद्धिकरण, जैसे काम होते थे। ये कुछ दिन तक ठीक ठाक चला, मगर समय के साथ यह भी बंद हो गया। हास्यास्पद बात यह है कि जिस डीसी ने रांची में इसकी शुरूआत की वो खुद भूमि घोटाले में ईडी की कार्रवाई के बाद से जेल में हैं।

## एसआर डीएवी पुंदाग में कुशाग्र ने पर्यावरण संरक्षण किया कविता पाठ

**रांची।** पब्लिक स्कूल पुंदाग, सामाजिक और पर्यावरण अनुसंधान केंद्र तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मौके पर छात्र कुमार कुशाग्र ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्वरचित कविता का पाठ किया। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड जैव विविधता परिषद के सदस्य एवं केओ कॉलेज, गुमला के वॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रसनजीत मुखर्जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने प्राचार्य के साथ प्रदूषण नियंत्रण हेतु विद्यालय की वाटिका में वृक्षारोपण किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित विषय बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन अर्थात प्लास्टिक कचड़ा के प्रदूषण को हराना के संबंध में जानकारी साझा की। बताया कि हर व्यक्ति के शरीर में लगभग पचास हजार प्लास्टिक के कण विविध माध्यमों से प्रवेश करके उन्हें घातक परिणाम तक पहुंचा सकते हैं। इसलिए हम सबको सचेत हो जाना चाहिए।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
**e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 25/2022–23**
**PR No. 293327 का द्वितीय आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 08.06.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 17.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 19.06.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :– Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों/योजना की संख्या | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Bhandra | 1 | 3/3 | 70 | SVS/LOH-05 | 28,35,836.00 | 56,800.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 12 | Senha | 1 | 1/1 | 7 | SVS/LOH-14 | 6,41,133.00 | 12,900.00 | 1,250.00 | 05 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 299228 Lohardaga(23-24).D


# राज्यपाल योजनाओं की समीक्षा के लिए आज जायेंगे लोहरदगा



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड के दो गांव का भ्रमण करेंगे। इस दौरान राज्यपाल आम लोगों से रूबरू भी होंगे। योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ-साथ राज्यपाल गांव के विकास से भी प्रत्यक्ष होंगे। इस दौरान राज्यपाल लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड के भक्सो और रामपुर गांव में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यपाल सड़क मार्ग से होते हुए लोहरदगा पहुंचेंगे। इसके बाद वह सबसे पहले सदर प्रखंड के भक्सो गांव जाएंगे, जहां पर भक्सो गांव में मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ लाभुकों से बात भी करेंगे। भक्सो के बाद राज्यपाल सदर प्रखंड के रामपुर गांव भी जाएंगे, जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र में लाभुकों से बात करने के साथ-साथ रामपुर पंचायत भवन का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अलावा राज्यपाल स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत करेंगे। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण भी करेंगे। राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारी की है। राज्यपाल का कहना है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभी मिलनी चाहिए और ग्रामीणों को इसका लाभ भी उठाना चाहिए। अधिकारियों को योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अच्छी तरह से समझाने का प्रयास करना चाहिए।

# एचडीएफसी बैंक ने पौधरोपण अभियान के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक ने विभिन्न सरकारी और निजी कार्यालयों और संस्थानों में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने झारखंड के विभिन्न शहरों में वृक्षारोपण अभियान चलाया और इस दिन के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की अनूठी गतिविधि किया। झारखंड के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि हम पहले भी इस तरह की गतिविधि करते रहे हैं और हम हर साल लोगों में जागरूकता पैदा करने की कोशिश करते हैं। इस साल हमने पेड़ की आत्मकथा के नाम पर एक अनूठी गतिविधि की है, जहां पेड़ विभिन्न ऑडियो और वीडियो के माध्यम से बताता है कि कैसे पेड़ पृथ्वी की मदद करता है और हमें पेड़ की देखभाल क्यों करनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न सरकारी व निजी कार्यालयों के अधिकारी के अलावा विभिन्न शाखाओं की टीम भी मौजूद रही और इस दिन को सफल बनाया।


### झारखंड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

**ई- अति अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 01R1/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :– 03.06.2023
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/GUMLA/01/2023-24 | Construction of Road from ST Residential School to Polpolpat Part-A (Length- 0.825 km) | 9999300.00 | निनानबे लाख निनानबे हजार तीन सौ रू0 मात्र | 3 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/W/EE/GUMLA/02/2023-24 | Construction of Road from ST Residential School to Polpolpat Part-B (Length- 0.900 km) | 9956000.00 | निनानबे लाख छप्पन हजार रू0 मात्र | 3 माह | द्वितीय |
| 3 | RWD/W/EE/GUMLA/03/2023-24 | Construction of Road from ST Residential School to Polpolpat Part-C (Length- 0.955 km) | 9995900.00 | निनानबे लाख पंचानब्बे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 3 माह | द्वितीय |
| 4 | RWD/W/EE/GUMLA/04/2023-24 | Construction of Road from ST Residential School to Polpolpat Part-D (Length- 1.00 km) | 9994100.00 | निनानबे लाख चौरानब्बे हजार एक सौ रू0 मात्र | 3 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 05.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 12.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल रॉची अथवा जिला नियंत्रण कक्ष, रॉची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 13.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (13.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 14.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9472706638.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **गुमला** के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 299226 Rural Work Department(23-24)#D


# ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गोंदा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तस्कर भोलू मिर्धा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 13 पुड़िया ब्राउन शुगर, गांजा 600 ग्राम, 75 हजार 40 रुपये नकद और छह मोबाईल फोन बरामद किया है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हातमा से भोलू मिर्धा नामक व्यक्ति अवैध ब्राउन शुगर और गांजा का खरीद बिक्री कर रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी गोंदा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर तस्कर को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया।


### कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
(कृषि प्रभाग)

**किसान भईयों के लिए आवश्यक सुचना**

गढ़वा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023 में PM-KUSUM (कृषक ऊर्जा उत्थान महाअभियान) Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवत् है–

1. इच्छुक किसान जिनके खेतों में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेब पोंटल http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2HP (AC&DC), 3HP(AC&DC) एवं 5HP(AC &DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन कर सकते है।
2. कृषकों को व्यक्तिगत /सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध करायी जाएगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार सिंचाई कूप/4" /6"/8"/10" व्यास की डीप बोरिंग अपने स्तर से करना होगा। यह योजना का लाभ सभी वर्ग/स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमि का होना अनिवार्य होगा।
3. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो अर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर हैं जो Micro & Drip Irrigation से जुडे हुए किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले ग्रीड अधारित/डीजल चालित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थें। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहां बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
5. जिन किसानों/उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में प्राप्त किया जा चुका है, उन किसानों को इस योजना में दोबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
6. कृषकों को ऊर्जा के उपयोग के आधार पर DC पम्प एवं AC पम्प का चयन स्वंय करना होगा तथा पानी के श्रोत के आधार पर Submersible/Surface पम्प का चयन करना होगा।
7. JREDA द्वारा जारी वेब पोंटल पर Online विहित प्रपत्र के साथ प्रमाण (आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण, मतादाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली बिल, जमीन का अद्यतन रसीद) कृषि योग्य भूमि होना अनिवार्य होगा। http://pmkusum.jharkhand.gov.in पोंटल पर अंतिम रूप से दिनांक 20-06-2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक अपलोड करना होगा, अंतिम तिथि के बाद अपलोड किये गये आवेदनों पर विचार नहीं की जायेगी।
8. समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वंय स्तयापित हाल की सत्यापित हाल की फोटो।
9. उक्त योजना अंतर्गत लाभुक अंशदान की राशि 2HP (AC&DC), 3HP(AC&DC) एवं 5HP(AC &DC) के लिए क्रमशः Rs. 5000/- Rs. 7000/- Rs. 10000/- मात्र निर्धारित है जो (Director, JREDA Payable at Ranchi) के पदनाम से पम्प क्षमता के अनुसार जिला कृषि पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। तथा शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।
10. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महंगे ग्रिड आधारित /डीजल पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थें। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहॉ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
11. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
12. वैसे आवेदन Data/Analysis के दौरान गलत पाये जाते हैं तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
13. यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगे तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं किया जायेगा और न ही सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मदारी ली जायेगा। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी किसान की होगी।
14. JREDA द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए ड्राफ्ट जमा करना होगा।
15. आवेदक द्वारा विहित प्रपत्र में घोषणा पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कर कार्यालय में जमा करना होगा। चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जॉच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ऑनलाईन JREDA कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
नोडल पदाधिकारी, पी0एम0–कुसुम गढ़वा

PR 299259 Agriculture (23-24)_D

# शास्त्री, पोंटिंग व अकरम ऑस्ट्रेलिया को भारत की तुलना में मानते हैं मजबूत

**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि परिस्थितियां ऑस्ट्रेलिया की पसंद के करीब हैं, इसलिए पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम को बुधवार से ओवल में शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले भारत पर थोड़ी बढ़त रहेगी। यदि आप इस स्थान को देखते हैं तो आपको लगता है कि यह भारतीय स्थल की तुलना में ऑस्ट्रेलियाई स्थल की तरह कुछ अधिक है। वास्तव में अच्छा, है ना?



आईसीसी द्वारा आयोजित प्री-गेम लाइव इवेंट में पोंटिंग ने कहा, आप केवल परिस्थितियों के आधार पर सोचेंगे, यह थोड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन ये दो टीमें हैं, जो पूरी तरह से वहां होने के लायक हैं। जो भी हर दिन के खेल के दौरान आधे घंटे के स्पेल या स्टेंट में सर्वश्रेष्ठ खेलता है, वह अच्छी तरह से चलता है। फाइनल जीतने के लिए अपने पसंदीदा टीम के बारे में पूछे जाने पर, पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया पर दांव लगाते हैं, लेकिन लेकिन केवल मामूली रूप से।

उन्होंने कहा,ऑस्ट्रेलिया को मामूली रूप से बढ़त है। पोंटिंग ने कहा, दोनों टीमें पहले और दूसरे स्थान पर रहने की हकदार हैं। जहां तक तैयारी की बात है, तो दिलचस्प बात यह है कि कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने कुछ नहीं किया है, उन्होंने बिल्कुल भी क्रिकेट नहीं खेला है। जबकि भारतीय खिलाड़ी आईपीएल में बहुत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए बिना किसी क्रिकेट के नए सिरे से आना, क्या यह बेहतर है या यह आईपीएल कारण थोड़ा थके हुए हुए आ रहे हैं, लेकिन क्रिकेट आगे बढ़ रहा है? इसलिए बहुत सारे कारक हैं जो इस सप्ताह के दौरान दिखाई दे सकते हैं। पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भी आस्ट्रेलिया की टीम को भारत से थोड़ा आगे बताया। लेकिन वह यह भी मानते हैं कि टॉस और मौसम खेल में महत्वपूर्ण कारक होंगे।

उन्होंने कहा, मैं रिकी से सहमत हूं। ऑस्ट्रेलिया थोड़ा पसंदीदा है। यह मौसम पर भी निर्भर करता है और टॉस भी महत्वपूर्ण है। और पिच भी मायने रखती है। फाइनल में, भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी महसूस किया कि ऑस्ट्रेलिया कागज पर कुछ मजबूत है, लेकिन फिटनेस एक निर्णायक कारक हो सकता है। मुझे लगता है कि मैच फिटनेस खेल में आ सकता है। जैसा कि वाज ने कहा, रिकी ने कहा, आपको कुछ क्रिकेट खेलने की जरूरत है। यह सिर्फ नेट्स में दो घंटे, चार या पांच दिन, छह दिन गेंदबाजी करने से बिल्कुल अलग है। इसलिए यह निर्भर करता है कि उन्होंने कैसे अभ्यास किया है, उन्होंने कैसे तैयार किया है। ऑस्ट्रेलिया को थोड़ी बढ़त है, लेकिन वह मैच फिटनेस कुंजी हो सकती है। उन्होंने कहा, शमी पहले आधे घंटे में नुकसान कर सकता है, क्योंकि वह बहुत अधिक खेल रहा है।

# पहलवानों ने रेलवे की ड्यूटी ज्वाइन की

## साक्षी ने प्रदर्शन से हटने की खबरों का खंडन किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जंतर-मंतर से 28 मई को हटाए जाने के बाद शीर्ष पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगट ने रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से ज्वाइन कर ली है। रिपोर्टें के अनुसार, उत्तर रेलवे मुख्यालय के रिकॉर्ड से पता चलता है कि रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक 31 मई को अपने बड़ौदा हाउस कार्यालय में ड्यूटी पर उपस्थित हुईं। इससे एक दिन पहले तीनों गंगा में अपने अंतर्राष्ट्रीय पदकों को विसर्जित करने पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कई लोगों के अनुरोध पर उन्होंने इसकी बजाय किसान नेताओं को अपने पदक सौंप दिए।

सोमवार को साक्षी ने भी ड्यूटी ज्वाइन करने की पुष्टि की। इस बीच, उन्होंने अफवाहों का खंडन किया कि वह आंदोलन से हट गई हैं। उन्होंने कहा, खबर पूरी तरह से गलत है। हममें से कोई भी पीछे नहीं हटा है। हम न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और इस बीच मैं रेलवे में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हूं।

इससे पहले, बजरंग, साक्षी और विनेश ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपने विरोध से संबंधित मामले पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की।

पहलवानों के एक करीबी सूत्र ने बताया, उन्होंने गृह मंत्री के साथ अपनी चिंता साझा की। बैठक लंबी थी और उन्होंने सब कुछ सुना। लेकिन 'अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ'। बजरंग, साक्षी और विनेश अप्रैल से ही पहलवानों के विरोध का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग सहित कई पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विरोध करने वाले पहलवानों को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया और विरोध स्थल जंतर मंतर पर उनकी विरोध-प्रदर्शन की व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया गया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### रिकाडरे गारेका ने वेलेज सार्सफील्ड से नाता तोड़ा

**ब्यूनस आयर्स।** रिकाडरे गारेका ने अर्जेंटीना के वेलेज सार्सफील्ड के प्रबंधक के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल समाप्त कर लिया है। वो इस भूमिका में तीन महीने से भी कम समय रहे। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बेलग्रानो में 1-0 की हार के एक दिन बाद 65 वर्षीय ने अपना इस्तीफा दे दिया, जिसके चलते ब्यूनस आयर्स क्लब 28-टीम प्राइमेरा डिवीजन स्टैंडिंग में 18 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ 22वें स्थान पर रहा। गारेका ने रविवार को एक संक्षिप्त सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैंने कोशिश की। आप सभी का धन्यवाद। मार्च में वेलेज के मुख्य कोच के रूप में अलेक्जेंडर मदीना की जगह लेने के बाद गारेका के नेतृत्व में एक जीत, सात ड्रॉ और चार हार मिली।

### इब्राहिमोविच ने की फुटबॉल से संन्यास की घोषणा



**रोम।** 2022-2023 सीजन के एसी मिलान के अंतिम मैच के बाद ज्लाटन इब्राहिमोविच, जिन्हें इब्रा के नाम से भी जाना जाता है, ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। अक्टूबर में 42 साल के होने वाले इब्राहिमोविच ने मिलान को छोड़ने का फैसला किया। उनका कांट्रैक्ट खत्म हो रहा था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार का खेल शुरू होने से पहले, स्टैंड में प्रशंसकों ने उत्साहपूर्वक उनका नाम लिया और गुडबाय बैनर दिखाया, जिसे देखकर इब्रा की आंखों में आंसू आ गए। स्वीडिश दिग्गज खिलाड़ी, जिनकी पिछली टीमों में माल्मो, अजाक्स, जुवेंटस, इंटर मिलान, बार्सिलोना, पेरिस सेंट-जर्मेन, मैनचेस्टर यूनाइटेड और एलए गैलेक्सी शामिल हैं, ने जनवरी 2020 में मिलानेलो में अपना दूसरा स्पेल शुरू किया था।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बोले शेन वॉटसन

# यह मैच रोमांचक होने वाला है



**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शेन वॉटसन का मानना है कि बुधवार से द ओवल में शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के खिलाड़ियों के लिए बदलाव का दौर चरम पर होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के केवल 2 सदस्य डेविड वार्नर और कैमरन ग्रीन आईपीएल 2023 में शामिल हुए, जबकि माइकल नेसर, स्टीवन स्मिथ, मार्कस हैरिस और मारनस लेबुस्चगने ने काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेले। इसका मतलब यह है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस सहित डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में अधिकांश खिलाड़ियों ने भारत में मार्च की शुरूआत में 'ईयर' बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला समाप्त होने के बाद से बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। भारतीय दृष्टिकोण से चेतेश्वर पुजारा काउंटी चैम्पियनशिप में ससेक्स के लिए खेल रहे थे जबकि बाकी 14 सदस्य आईपीएल 2023 में खेले थे जोकि निस्संदेह एक बड़ी चुनौती होगी।

वॉटसन ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुझे लगता है कि लोगों के लिए यह मैच रोमांचक होने वाला है। जितना संभव हो उतना अधिक मात्रा में नई गेंदों का सामना करें, जितना संभव हो उतना नेट्स को मसालेदार बनाने की कोशिश करें।' उन्होंने कहा, 'यही एकमात्र तरीका है जिससे आप अपने खेल को वापस अपनी आंखों के नीचे गेंद को हिट करने के लिए प्राप्त कर सकते हैं। हां, आपको उस सकारात्मक, आक्रामक इरादे की जरूरत है लेकिन फिर भी यह समझना होगा कि आप किन गेंदों पर रन बना सकते हैं और कौन सी गेंदें अधिक जोखिम वाली हैं।'

वॉटसन इंग्लैंड में एशेज खेलने के लिए प्रारूप बदलने से पहले आईपीएल 2013 और 2015 में खेले थे, उनका यह भी मानना है कि मार्की फाइनल से पहले खिलाड़ियों के पास जो भी प्रशिक्षण के दिन हैं उन्हें बर्बाद करने के लिए बहुत कम समय है। उन्होंने कहा, 'मेरे पास इतनी जल्दी वापसी नहीं थी। यह हमेशा एक चुनौती थी। चाहे वह शीतकालीन एशेज श्रृंखला में जा रही हो या चाहे वह ऑस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला से जा रही हो, उड़ान भरना और सीधे टेस्ट मैच खेलना एक बड़ी चुनौती है।' आपको यह समझने की जरूरत है कि अगर आपके पास केवल कुछ दिन हैं तो आपको वास्तव में किस पर काम करने की जरूरत है।'

वॉटसन को लगा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले टूर मैच नहीं होने से इंग्लैंड की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में मुश्किलें आएंगी। उन्होंने कहा, यही वह जगह है जहां कुछ दौरे के मैच होते हैं, विशेष रूप से, गेंद को लगातार स्विंग करने और कुछ करने के लिए अभ्यस्त होने के लिए आपको वास्तव में इसके चारों ओर अपना ध्यान लगाने की आवश्यकता होती है।' 'तो इन लोगों के लिए इतनी जल्दी टर्नअराउंड होना और टूर मैच नहीं होना, यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। बस अपने गेम प्लान को वास्तव में लॉक करने में सक्षम होने के लिए और फिर गेंद के बाद गेंद को लंबे समय तक खेलने में सक्षम होने के लिए।'

## एशेज के लिए हम तैयार हैं : जो रूट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ज्यादा मौका न मिलने के बावजूद आगामी एशेज श्रृंखला के लिए अपनी तैयारियों की पुष्टि की है। रूट, जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ में साइन किया था, रॉयल्स के लिए सिर्फ तीन बार खेले और केवल एक बार बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों पर 10 रन बनाए।



हालांकि, उन्होंने शनिवार को लॉर्ड्स में आयरलैंड पर इंग्लैंड की 10 विकेट की जीत के दौरान 56 रन बनाए, जो फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट के बाद उनकी पहली रेड-बॉल पारी थी। वह आयरलैंड के खिलाफ अपनी 56 रन की पारी के बाद 11,000 टेस्ट रन के मील के पत्थर को पार करने वाले इंग्लैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी के रूप में एलेस्टेयर कुक की सम्मानित कंपनी में शामिल हो गए। रूट का मानना है कि उन्होंने यॉर्कशायर के लिए डिवीजन टू चैंपियनशिप क्रिकेट खेलने की तुलना में भारत में रहने से अधिक सीखा है। चैंपियनशिप क्रिकेट हमारे घरेलू खेल का आधार है और मैं यहां जो कह रहा हूं उसके साथ इसे हासिल करने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह महत्वपूर्ण या अच्छा मानक नहीं है। लेकिन मैं अपने करियर में जहां हूं, क्या मैं सीखने जा रहा हूं।

रूट ने डेली मेल को बताया, क्या मैं वास्तव में एशेज सीरीज के लिए बेहतर तरीके से तैयार होने जा रहा हूं, जिसमें कुछ तेज विकेटों पर कम गति की गेंदबाजी का सामना करना पड़ेगा, जब उम्मीद है कि हम उच्च गति और उच्च गुणवत्ता वाले स्पिनर के खिलाफ अच्छी पिचों पर खेलेंगे? मुझे ऐसा नहीं लगता। 32 वर्षीय रूट को यह भी लगता है कि उन्होंने भारत में अपने आईपीएल कार्यकाल के दौरान कुमार संगकारा और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों से अमूल्य ज्ञान प्राप्त किया और खुद को एक चुनौतीपूर्ण गर्मी के लिए अच्छी तरह से तैयार पाया।

रूट ने कहा,भारत जाकर, कुछ नया सीखने और अनुभव करने से, कुमार संगकारा और ब्रायन लारा जैसे कुछ महान खिलाड़ियों के साथ खेल पर बात करने और चर्चा करने से - मैंने सोचा कि यह मुझे अच्छा प्रदर्शन करने और खुद से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने के लिए तैयार करेगा। मेरे पास एक और सप्ताह की तैयारी और एक टीम के रूप में काम करने का समय है।

अब जब रूट अपनी सातवीं एशेज श्रृंखला के लिए तैयार हो रहे हैं, तो उन्होंने अपने साथियों को संयम और स्थिरता बनाए रखने की सलाह दी। रूट ने कहा, अगर आप एशेज क्रिकेट में सफल होते हैं तो यह आपको जीवन के लिए स्थापित कर सकता है, न केवल आपके करियर के बाकी हिस्सों में बल्कि इससे आगे भी। यह जाने और इतिहास बनाने और एक समूह के रूप में अविश्वसनीय दो महीने का अवसर है।

## जूनियर महिला हॉकी एशिया कप : भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को जापान में चल रहे महिला जूनियर एशिया कप 2023 के अपने दूसरे मैच में मलेशिया को 2-1 से हरा दिया। मैच में भारत के लिए मुमताज खान (10') और दीपिका (26') ने एक-एक गोल किया, जबकि मलेशिया के लिए डियान नाजेरी (6') ने एकमात्र गोल किया। मलेशिया ने मैच में अच्छी शुरूआत की और उनका ध्यान गेंद पर कब्जा बनाए रखना था, जिसका उन्हें फायदा भी मिला। मैच के छठें मिनट में डियान नाजेरी ने गोल कर मलेशिया को 1-0 से आगे कर दिया, हालांकि इस गोल के 4 मिनट बाद ही मैच के 10वें मिनट में मुमताज खान ने पेनल्टी कार्नर के जरिए गोल कर भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। पहले क्वार्टर की समाप्ती पर दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। भारत ने दूसरे क्वार्टर में पूरी ताकत झोंक दी और योजना काम कर गई। दीपिका ने मैच के 26वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।

### सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट

# भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे पीवी सिंधु और प्रणय

**एजेंसी। सिंगापुर**

गत चैंपियन पीवी सिंधु और एचएस प्रणय सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। सिंधु जहां थाईलैंड में खराब प्रदर्शन के बाद वापसी करना चाहेंगी, वहीं फार्म में चल रहे प्रणय आत्मविश्वास से लबरेज होंगे। सिंधु के लिए चीजें पहले जैसी नहीं रही हैं क्योंकि उन्हें पिछले साल अगस्त में टखने में चोट लगी थी। वह धीरे-धीरे मैड्रिड स्पेन मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में फाइनल और सेमी-फाइनल के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ रही है, जो इस सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम है।





सिंगापुर ओपन के पहले दौर में सिंधु का सामना जापान की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा, जिनके खिलाफ सिंधु का प्रदर्शन कुछ खास नहीं है। सिंधु का यामागुची के खिलाफ 14-9 का हेड-टू-हेड जीत का रिकॉर्ड है, लेकिन पिछले साल थाईलैंड में दोनों के आमने-सामने होने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और अब सिंधु को यामागुची के खिलाफ कुछ बेहतर करना होगा।

दूसरी ओर, प्रणय छह साल के खिताबी सूखे को खत्म करते हुए मलेशिया मास्टर्स में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने के बाद टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इस मनोबल बढ़ाने वाली जीत ने प्रणय के लिए भूख बढ़ा दी होगी, जो इस समय भारत के सबसे बेहतरीन एकल खिलाड़ी हैं। हालाँकि, चीजें उसके लिए आसान नहीं होंगी क्योंकि वह सर्किट में सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक - जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त कोडाई नारोका के खिलाफ पहला मैच खेलेंगे।

### अंडर-20 विश्व कप | उरुग्वे-दक्षिण कोरिया पहुंची सेमीफाइनल में

# उरुग्वे-इजराइल व द.कोरिया-इटली में टक्कर

**एजेंसी। ब्यूनर्स आयर्स**

अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप अंतिम पड़ाव पर है। सेमीफाइनल लाइनअप तैयार हो गया है। कई दिग्गज टीम बाहर हो गई है। कई मैच में उलटफेर देखने को मिला है। गुरुवार (8 जून) को उरुग्वे के सामने इजराइल है और दक्षिण कोरिया और इटली की टीम में टक्कर होगी।



उरुग्वे और दक्षिण कोरिया ने रविवार को यहां अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उरुग्वे ने अमेरिका के खिलाफ पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाते हुए 2-0 से जीत दर्ज की।

उरुग्वे को 21वें मिनट में एंडरसन दुराते ने बढ़त दिलाई जबकि 56वें मिनट में जोशुआ विंडर ने आत्मघाती गोल दागकर उरूग्वे की जीत सुनिश्चित की। पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता दक्षिण कोरिया ने अतिरिक्त समय में दागे गोल की मदद से नाइजीरिया को 1-0 से हराया। दक्षिण कोरिया के लिए मैच का एकमात्र गोल सियोक ह्युन चोई ने हेडर के जरिए किया। उरुग्वे की टीम सेमीफाइनल में गुरुवार को इजराइल से भिड़ेगी जबकि इसी दिन दक्षिण कोरिया को फाइनल में जगह बनाने के लिए इटली का सामना करना है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि इटली ने अंडर-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

इजराइल ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए खिताब के प्रबल दावेदार ब्राजील को 3-2 से हराकर अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सैन जुआन में खेले गए इस मैच में इजराइल ने अतिरिक्त समय में विजयी गोल किया। इजराइल ने दो पेनल्टी को भी बर्बाद किया लेकिन ब्राजील इसका फायदा नहीं उठा पाया।

इटली ने भी कोलंबिया को 3-1 से पराजित करके अंतिम चार में जगह बना ली है। ब्राजील और इजराइल के बीच मैच में पहला हाफ गोल रहित रहा। इसके बाद मार्कोस लियोनार्डो ने ब्राजील के लिए पहला गोल किया लेकिन इजराइल ने चार मिनट बाद ही अनन खलैली के हेडर से बराबरी कर ली।

माथियस नैसिमेंटो ने अतिरिक्त समय के पहले मिनट में ब्राजील को 2-1 से बढ़त दिला दी लेकिन हमजा शिबी ने इसके दो मिनट बाद इजराइल के लिए दूसरा गोल कर दिया। उसकी तरफ से डोर डेविड तुर्गमैन ने अतिरिक्त समय के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दो रक्षकों को छका कर विजयी गोल दागा। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में इटली को कोलंबिया को हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

